●वर्ष : 16 ●अंक : 188 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

सोमवार 28 अक्टूबर 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

# कभी रहा समाजवादियों का गढ़, अब दो 'सेनाओं' की लड़ाई




## कोंकण में दिलचस्प होगा मुकाबला

### ›› दोनों शिवसेनाओं के बीच ही मुकाबला

लोकसभा चुनाव में ठाणे की तीन में से दो सीटें शिंदे ने ही जीती हैं। लेकिन हाल ही में ठाणे के नई मुंबई में महायुति को थोड़ा झटका लगा है। वहां नई मुंबई भाजपा अध्यक्ष संदीप नाईक भाजपा छोड़कर राकांपा (शरदचंद्र पवार) में चले गए हैं। वहां भाजपा की वर्तमान विधायक मंदा म्हात्रे के विरुद्ध उन्हें टिकट भी मिल गया है। ठाणे और पालघर की कुल 24 विधानसभा सीटों पर महायुति और महाविकास आघाड़ी (मविआ) कांटे की टक्कर रहने की संभावना है। क्योंकि इनमें से कई सीटों पर दोनों शिवसेनाओं के बीच ही मुकाबला होना है।

### ›› शिवसेना (यूबीटी) के लिए राह आसान नहीं

इसी प्रकार रायगढ़ जिले में लोकसभा चुनाव राकांपा (अजित) के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे जीते हैं। इस क्षेत्र में उनकी बेटी अदिति तटकरे के अलावा कुछ उम्मीदवार शिवसेना (शिंदे) के भी खड़े होंगे। यदि यहां सत्तारूढ़ महायुति आपस में सहयोग करके लड़ी, तो यहां भी शिवसेना (यूबीटी) के लिए राह आसान नहीं होगी। रायगढ़ से सटा ठाणे जिला मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का गढ़ माना जाता है।

### ›› कोंकण क्षेत्र में दो शिवसेनाओं की रोचक लड़ाई

कोकणवासियों का मुंबई से यही रिश्ता उन्हें राजनीतिक रूप से भी जोड़ता है और मुंबई की राजनीति कोंकण को प्रभावित करती है। यही कारण है कि शिवसेना में विभाजन के बाद पहली बार हो रहे विधानसभा चुनाव में कोंकण क्षेत्र में दो शिवसेनाओं की रोचक लड़ाई देखने को मिलेगी।

नूना न्यूज एजेंसी

**मुंबई।** कोंकण क्षेत्र कभी अपनी मनीऑर्डर अर्थव्यवस्था के लिए जाना जाता था। क्योंकि यहां के लोग बड़ी संख्या में मुंबई में नौकरी करने जाते थे और वहां से अपने घरों को मनीऑर्डर भेजते थे। गोवा से सटे महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले से लेकर मुंबई, ठाणे और पालघर तक पूरी समुद्री पट्टी कोंकण क्षेत्र के रूप में जानी जाती है। अरब सागर से सटा यह क्षेत्र हापुस आम और काजू उत्पादन के लिए भी जाना जाता है।

### ›› समाजवादियों का गढ़ माना जाता था कोंकण

ये पूरा क्षेत्र चार दशक पहले तक समाजवादियों और वामदलों का गढ़ माना जाता था, लेकिन इन दलों के कमजोर होने के बाद जैसे-जैसे मुंबई में शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे का रुतबा बढ़ता गया, कोंकण में शिवसेना की जड़ें भी मजबूत होती गईं, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में शिवसेना कांग्रेस के मुस्लिम वोट बैंक के भरोसे मुंबई में तो अपना गढ़ बचाने में कामयाब रही। लेकिन रत्नागिरि-सिंधुदुर्ग, रायगढ़, ठाणे की दोनों सीटें और पालघर जैसे कोंकण के बाकी हिस्से गंवा बैठी है।

### ›› महाराष्ट्र को दिए पांच मुख्यमंत्री

रत्नागिरि-सिंधुदुर्ग में भाजपा के नारायण राणे एवं पालघर में भाजपा के ही डा.हेमंत सावरा जीते हैं, ठाणे की दो सीटें शिवसेना शिंदे गुट जीता है और रायगढ़ में राकांपा (अजित) के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे जीते हैं। सिर्फ ठाणे की भिवंडी सीट पर राकांपा (शरदचंद्र पवार) को सफलता मिल सकी है। मुंबई- कोंकण क्षेत्र में 12 लोकसभा सीटें और 75 विधानसभा सीटें हैं। इन 75 सीटों में से 36 सीटें मुंबई में हैं।

इस पूरे क्षेत्र ने महाराष्ट्र को पांच मुख्यमंत्री दिए हैं। दिवंगत अब्दुल रहमान अंतुले, डॉ. मनोहर जोशी, नारायण राणे, उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे। 2019 में गठबंधन कर-के लड़ी शिवसेना और भाजपा को पूरे कोंकण क्षेत्र में 75 में से कुल 56 सीटें मिली थीं।

ब्रांड राणे की लड़ाई उद्धव की शिवसेना से अब 2024 के विधानसभा चुनाव में शिवसेना दोफाड़ हो चुकी है। दूसरी ओर कभी शिवसेना के ही मुख्यमंत्री रह चुके नारायण राणे अब सिंधुदुर्ग-रत्नागिरि से भाजपा के सांसद हैं। उनके छोटे पुत्र नीतेश राणे को भाजपा ने राणे की परंपरागत सीट कणकवली से विधानसभा का टिकट दिया है। पूर्व सांसद के बड़े बेटे नीलेश को भाजपा से टिकट नहीं मिल रहा था, तो उन्होंने सत्तारूढ़ महायुति के ही दूसरे दल शिवसेना (शिंदे) में शामिल होकर कुडाल विधानसभा सीट से उसका टिकट ले लिया है। यानी पूरे सिंधुदुर्ग-रत्नागिरि जिले में ब्रांड राणे की लड़ाई उद्धव की शिवसेना से होनी है।

इस क्षेत्र की अन्य सीटों पर शिवसेना (शिंदे) के दिग्गज नेताओं उदय सामंत और दीपक केसर जैसे बड़े नेताओं का सीधा मुकाबला शिवसेना (यूबीटी) से होना है। इन नेताओं को भी राणे का सहयोग हासिल होगा। क्योंकि अब अब उनका बेटा नीलेश भी शिवसेना (शिंदे) का उम्मीदवार है। ये गणित शिवसेना (यूबीटी) के पक्ष में तो बिल्कुल दिखाई नहीं देता।

जबकि, मुंबई महानगर की 36 में से अधिसंख्य सीटों पर भाजपा का मुकाबला कांग्रेस से और शिवसेना (शिंदे) का मुकाबला शिवसेना (यूबीटी) से होना है। मुंबई और ठाणे में ही राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने भी अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। इसका नुकसान शिंदे और ठाकरे दोनों को हो सकता है।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



### भ्रष्टाचार के खिलाफ कानून बनाने में केंद्र की कोताही

विपक्षी दलों के नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने वाली केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद जनप्रतिनिधियों के भ्रष्टाचार रोकने के लिए कानून बनाने में नाकाम रही है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई को लेकर याचिका पर सुनवाई स्वीकार करना स्वीकार कर लिया है। देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2018 में एक जनहित रिट याचिका पर आदेश दिया था कि चुनाव लड? वाले प्रत्याशियों के अलावा उनके परिवार के लोगों की सम्पत्ति और आय के स्त्रोतों की जानकारी देने के लिए केंद्र सरकार कायदे-कानून बनाए। करीब 6 साल बीतने के बावजूद केंद्र सरकार इस आदेश की पालना करने में विफल रही। इस पर केंद्र सरकार के खिलाफ अवमानना कार्रवाई को लेकर दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। आश्चर्य की बात यह है कि लोकसभा और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने विपक्षी दलों के नेताओं को भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। प्रधानमंत्री मोदी सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने विपक्षी दलों पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर कटाक्ष किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गुट को भ्रष्ट लोगों का जमावड़ा बताया था। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्ष पर निशाना साधते हु कहा था कि विपक्षी नेता नोटों के बंडलों के साथ रंगे हाथों पकड़े जा रहे हैं। झारखंड और बंगाल में ऐसे मामले उजागर हो रहे हैं। वे दिल्ली की जनता को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि राजनीति में बदलाव के लिए आए लोगों ने दिल्ली की जनता को धोखा दिया है। पीएम ने कहा था कि शराब घोटाला हो या नेशनल हेराल्ड घोटाला, भ्रष्टाचारियों से एक-एक पैसा वसूला जाएगा।

**SYED ZAKI HAIDER**
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### केरल में यूट्यूबर कपल की मौत, पुलिस को सुसाइड की आशंका

नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** केरल में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, यूट्यूबर कपल की मौत हो गई है। उनके शव संदिग्ध हालत में कमरे में मिले। मृतकों की पहचान Selvaraj (45) और उसकी पत्नी Priya के रूप में हुई है। 'Sellu Family' नाम से उनका यूट्यूब चैनल है।

पुलिस ने जानकारी दी कि जब घर के आसपास के लोगों को शव की बदबू आने लगी तो लोगों ने पुलिस से शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने दोनों शव बरामद किए। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू हो चुकी है। आशंका है कि दोनों की मौत दो दिन पहले हुई है।

### ›› नहीं मिला पुलिस को कोई सुसाइड नोट

पुलिस ने मौत के स्पष्ट कारणों की जानकारी नहीं दी है। पुलिस को संदेह है कि दोनों ने सुसाइड कर लिया हो। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद इस घटना की सच्चाई सामने आएगी। पुलिस को कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस घर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। दोनों के यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर 18000 से अधिक सब्सक्राइबर हैं और दोनों ने अभी तक 1400 से अधिक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं।

## किसानों को फ्री बिजली देने की बात कहकर मीटर लगा रही सरकार: राकेश टिकैत

नूना न्यूज एजेंसी



**बिहार।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने रविवार को यहां एक महापंचायत में कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक वर्ष तक किसानों को फ्री बिजली देने की बात कही थी लेकिन अधिकारियों ने किसानों के खेतों पर मीटर लगाना शुरू कर दिया है। उन्होंने पूछा कि अगर मीटर लग जाएंगे तो फ्री बिजली कैसे आएगी टिकैत ने यहां मुंडेरा में आयोजित किसान महापंचायत के बाद संवाददाताओं से कहा, अगर मीटर लगाना है तो 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले इस मुद्दे को अपने घोषणा पत्र में शामिल करना होगा नहीं तो किसान के खेत में मीटर नहीं लगेगा। उन्होंने धान की कीमतों को लेकर आरोप लगाया कि पूर्वांचल में जौनपुर, मिजार्पुर और बलिया में 1200 रुपये प्रति क्विंटल के भाव में धान किसानों से लिया जा रहा है। टिकैत ने कहा कि यही हाल मक्का का है। भाकियू नेता ने कहा कि अकेले बिहार में एक लाख करोड़ रुपये का नुकसान फसलों को कम कीमत पर बेचने से किसानों को होता है और यह हाल सभी राज्यों का है। टिकैत ने आरोप लगाया, सरकार चाहती है कि लोग बंधुआ मजदूर बनकर रहें। यह एक बड़ी साजिश रची जा रही है। यह सरकार देश को श्रमिकों का देश बनाना चाहती है क्योंकि उद्योगों में श्रमिकों की भारी कमी है। उन्होंने कहा, अग्निवीर आने वाले दिनों में गार्ड का काम करेंगे क्योंकि अकेले अदाणी समूह को 25,000 गार्डों की जरूरत है। यह भर्ती (अग्निवीरों की) अडानी के लिए हो रही है। यह देश कृषि प्रधान देश से श्रमिक प्रधान देश बनेगा।

# झारखंड में जीत के अपने-अपने दावे

## आदिवासी वोटरों को किसके वादे पर एतबार?

### ›› बहुमत के बाद तय होगा नेता : भाजपा उम्मीदवार

उन्होंने आरोप लगाया कि जेएमएम की सरकार ने महिलाओं, युवाओं, किसानों सहित सबके साथ छल करने का काम किया है। वहीं कांके से भाजपा उम्मीदवार जीतू चरण राम ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृव में हम यह विधानसभा चुनाव जीतेंगे और बहुमत आने के बाद तय करेंगे कि हमारा नेता कौन होगा. हमारे यहां पर कोई भी प्रोजेक्टेड चेहरा नहीं है और हम शीर्ष नेतृत्व पर विश्वास करते हैं।

नूना न्यूज एजेंसी

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए एनडीटीवी इलेक्शन कार्निवल का सफर रांची से शुरू हुआ. रांची आदिवासी राजनीति का गढ़ रहा है. विधानसभा की 81 सीटों में से 28 सीटें आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं और प्रदेश में 26 फीसदी आदिवासी वोटर हैं. इन चुनावों में यह सवाल भी है कि आदिवासी इन चुनावों में किसके साथ हैं. कार्यक्रम के दौरान भाजपा और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने एक दूसरे पर जमकर आरोप लगाए और अपनी-अपनी जीत का दावा किया।

### ›› महिला सशक्तिकरण सबसे बड़ा मुद्दा : महुआ माजी

वहीं राज्यसभा सांसद और रांची से जेएमएम उम्मीदवार महुआ माजी ने कहा कि झारखंड में सबसे बड़ा मुद्दा महिला सशक्तिकरण का है. उन्होंने कहा कि हमारे झारखंड की महिलाएं कर्मठ हैं और जहां भी जाती हैं, वहां अपना परचम लहराती है. उन्होंने कहा कि दूसरों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाली बीजेपी की पोल इलेक्टोरल बॉण्ड के सामने आने के बाद खुल गई है।




रांची से छह बार के विधायक और भाजपा उम्मीदवार सीपी सिंह ने आदिवासियों की सुरक्षा का सवाल उठाया और कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और राजद के शासन में एक गोतस्कर आदिवासी महिला दरोगा पर गाड़ी चढ़ा देता है. साथ ही उन्होंने जेएमएम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और सवाल किया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में रहकर क्यों आए हैं. उन्होने कहा कि जेएमएम ने यहां पर लूट मचा रखी है और यहां की जनता बदलाव चाहती है।

उन्होंने कहा कि यहां के आदिवासी जल, जंगल और जमीन के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं. वन संरक्षण विधेयक पर बहुत आंदोलन हुआ, लेकिन केंद्र सरकार ने बिना विपक्ष से बहस के उसे पारित कर दिया. उन्होंने भाजपा से सवाल किया कि आप कहते हैं कि आपको यहां के जल, जंगल, जमीन की फिक्र है तो झारखंड से पारित सरना धर्म कोड को अब तक क्यों लटका कर रखा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन इसी मिट्टी के हैं. उन्होंने कहा, "यह भाजपा को बर्दाश्त नहीं है कि झारखंड के लोग झारखंडियत के साथ झारखंड को आगे बढ़ाएं. इसीलिए उन्हें जेल भेजा गया. यह सरकार फिर से रिपीट होगी।

### ›› हेमंत सोरेन को लेकर क्या बोले कांग्रेस उम्मीदवार?

वहीं हटिया से कांग्रेस उम्मीदवार अजय नाथ सहदेव ने कहा कि झारखंड में सबसे ज्यादा वक्त भाजपा ने राज किया है. उन्होंने भाजपा पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया. साथ ही कहा कि हरमू नदी का करप्शन बड़ा मुद्दा है. उन्होंने कहा कि जो लोग आज हेमंत सोरेन पर उंगली उठाते हैं, वह हाई कोर्ट का जमानत ऑर्डर पढ़ लीजिये. वो कहीं से भी दोषी नहीं हैं।

### ›› जनता मुद्दे पर नहीं चेहरे पर बात करती है : अमरकांत

वरिष्ठ पत्रकार अमरकांत ने कहा कि झारखंड ऐसा राज्य है, जहां पर स्थिति बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है. उन्होंने कहा कि 24 साल हो गए हैं. इन 24 सालों में जो विकास होना चाहिए था, वो कहीं दिख नहीं रहा है. उन्होंने कहा कि सच्चाई ये है कि मुद्दे से सभी भटके हुए हैं. जनता मुद्दों पर बात नहीं करती है, वह चेहरे पर बात करती है।

# महाराष्ट्र चुनाव: उलटा पड़ा प्रेशर पॉलिटिक्स का दांव?

### ›› एमवीए में भाव नहीं मिलने से असमंजस में अखिलेश

नूना न्यूज एजेंसी




**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव का धैर्य टूटने लगा है. वे तय नहीं कर पा रहे हैं कि क्या करें. सवाल ये है कि क्या वे अपने फैसले पर अड़े रहें. महाराष्ट्र चुनाव को लेकर उनकी रणनीति अब उनके लिए ही मुसीबत बन गई है. महाराष्ट्र में उन्होंने समाजवादी पार्टी के पांच उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी. मालेगांव और धुले जाकर तो अखिलेश यादव ने पब्लिक से वोट भी मांगा था. दो दिनों के महाराष्ट्र दौरे के आखिरी दिन उन्होंने कम से कम बारह सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की थी. उन दिनों महाविकास अघाड़ी में सीटों का बंटवारा भी नहीं हुआ था. हालांकि प्रेशर पॉलिटिक्स के लिए उन्होंने पांच टिकट फाइनल कर दिए।

अखिलेश यादव हरियाणा वाली गलती नहीं दोहराना चाहते थे. वे इंतजार करते रह गए और कांग्रेस ने उनके लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी. राहुल गांधी ने खुद उनसे ऐसा वादा किया था. मजबूरी में अखिलेश यादव ने चुनाव न लड़ने का फैसला किया. समाजवादी पार्टी ने हरियाणा में कांग्रेस के समर्थन की घोषणा कर दी. पर कांग्रेस की हार होते ही अखिलेश ने चुटकी ले ली. उन्होंने कहा हरियाणा से इंडिया गठबंधन को सबक सीखना चाहिए. अब यही सबक वाले सवाल फिर से अखिलेश यादव के सामने हैं।

समाजवादी पार्टी ने 5 सीटों पर उम्मीदवार तय कर दिए हैं. शिवाजी नगर और भिवंडी ईस्ट पर पार्टी पिछला चुनाव जीत चुकी है, जबकि दो ऐसी सीटें हैं जहां पिछले चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के नेता जीते थे. समाजवादी पार्टी की तरफ से घोषित 5 में से 3 सीटों पर महा विकास अघाड़ी ने उम्मीदवार उतार दिए है।

### ›› गठबंधन में थी चुनाव लड़ने की तैयारी, लेकिन...

इसके बाद से ही समाजवादी पार्टी कैंप में हलचलें तेज हो गई हैं. अखिलेश यादव का गुस्सा सातवें आसमान पर है. वे तो गठबंधन में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे और यहां कोई उनसे बात भी नहीं कर रहा है. इसीलिए अखिलेश यादव कहते हैं कि राजनीति में त्याग के लिए कोई जगह नहीं होती है. उन्होंने कहा कि आगे क्या करना है, इस पर समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र अध्यक्ष फैसला करेंगे. पहले इस गठबंधन में रहने की कोशिश करेंगे, लेकिन वे हमें गठबंधन में नहीं रखेंगे तो हम उन सीटों पर लड़ेंगे जिनसे गठबंधन को नुकसान नहीं होगा।

### ›› समाजवादी पार्टी रह गई खाली हाथ

महाराष्ट्र में सीटों के बंटवारे को लेकर महा विकास अघाड़ी के घटक दलों में बातचीत जारी है. कई सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा भी हो चुकी है. लेकिन समाजवादी पार्टी को उसके भाग्य पर छोड़ दिया गया है. पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी शरद पवार से भी मिल चुके हैं, जिन सीटों पर पार्टी लड़ना चाहती है, उसकी लिस्ट भी कांग्रेस तक पहुंच चुकी है, लेकिन अब तक समाजवादी पार्टी के खाते में कुछ नहीं आया है।

# गुर्जर समाज का व्यक्ति किसी भी पार्टी से हो, उसके लिए समाज को खड़ा हो जाना चाहिए: अतुल प्रधान

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी
अमरोहा



**हसनपुर।** गुर्जर सम्मेलन में गरजे समाज के लोग, सम्मेलन में उमड़ा गुर्जरों का सैलाब, बताते चलें कि रविवार को श्रीमति सुखदेवी इंटर कालेज के मैदान में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर गुर्जर महासभा द्वारा समाज को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए गुर्जर सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें समाज के होनहार छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजको में ओविंदर पोसवाल, विवेक कटारिया, रोहित नागर आदि ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का फूल माला पहनकर स्वागत किया एवं विशाल हर पहनकर सभी का सम्मान किया,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान के पूर्व मंत्री धीरेंद्र सिंह गुर्जर ने सम्मलेन को संबोधित करते हुए कहा कि गुर्जर समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। वीर गुर्जर हमारे समाज के आगे ही लगता है। गुर्जर समाज को बिखरने का काम अंग्रेजों ने किया था, क्योंकि गुर्जर बहुत बहादुर कौम थी और देश की आजादी में कूद पड़ी थी, हमारे समाज को जिम्मेदारी लेनी होगी। जन प्रतिनिधियों से सवाल जरूर पूछा जाये। राजस्थान में गुर्जर समाज ने आरक्षण के लिए सड़कों को लाल कर दिया था। गुर्जर समाज के आरक्षण की मांग को लेकर पीछे नहीं हटेंगे। वही इस मौके पर गुर्जर सम्मेलन को संबोधित करते हुए सरधना के विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि समाज का व्यक्ति चाहे किसी भी पार्टी का हो उसके लिए समाजके लोगों को खड़े हो जाना चाहिये। सामाजिक संगठनों को आगे आकर मदद करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि राजनीति में लोग देते नहीं बल्कि छीना जाता है। गुर्जरों की सीटे धीरे-धीरे खत्म हो गई है। समाज के जो व्यक्ति आपकी मदद करें उसे आगे लाये। जातियों को जोड़ने का काम किया जाये उनको तोड़ा नहीं जाये। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं गुर्जर समाज के नेता रविंद्र सिंह भाटी ने कहा गुर्जर समाज ब्रांड है। गुर्जरों ने देश के साथ कभी गद्दारी नहीं की है। उन्होंने सीने पर गोली खाई है। पीठ कभी नहीं दिखाई है। भारतीय इतिहास गुर्जरों की वीरता से भरा पड़ा है। यदि गुर्जर ना होता तो देश सोने की चिड़िया ना होती। जिसके पास समाज के लिए समय नहीं है उसकी रगों में गुर्जर का खून नहीं है। गुर्जर समाज के लोगों ने हमेशा वफादारी की है। इस अवसर पर गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशवीर सिंह गुर्जर, विदित गुर्जर, जिलाध्यक्ष मलखान सिंह गुर्जर, ओम दत्त गुर्जर, प्रधान अनिल गुर्जर, महकार सिंह, सुनील चौधरी, अशोक पटेल, दीपक राणा, राजीव धोरिया, रविंद्र चावला डॉक्टर सचिन कसाना ओंकार सिंह कटारिया, यशपाल सिंह नागर, गौरव नागर आदि सहित भारी संख्या में गुर्जर समाज के लोग मौजूद रहे ।

# 80 हजार दीपों से बना स्वास्तिक पूरे विश्व को देगा शुभता का संदेश



**अयोध्या, 27 अक्टूबर।** दीपोत्सव 2024 को लेकर एक ओर जहां योगी सरकार की तैयारियां अंतिम चरण में हैं, वहीं डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंशानुरूप दीपोत्सव-2024 को ऐतिहासिक बनाने के लिए सरयू के 55 घाटों पर भारी भरकम टीम उतार दी है। दो हजार से अधिक पर्यवेक्षक, समन्वयक, घाट प्रभारी, दीप गणना व अन्य सदस्यों की देखरेख में 30 हजार से अधिक वालंटियर घाटों पर 28 लाख दीपों को सजाने का कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही 80 हजार दीपों से वालंटियर द्वारा राम की पैड़ी के घाट नम्बर 10 पर प्रतीक के रूप में स्वास्तिक बना रहे हैं। यह दीपोत्सव आकर्षण का केन्द्र होने के साथ पूरे विश्व को शुभता का संदेश देगा। इसके लिए 150 से अधिक वालंटियर लगाये गए है।

**>> गूंज रहा जय श्रीराम का जयघोष**

दीपोत्सव में विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए दूसरे दिन विश्वविद्यालय परिसर एवं अन्य संस्थानों के वालंटियर जय श्रीराम के जयघोष के साथ राम की पैड़ी रवाना किए गए। सभी वालंटियर ने गले में क्यूआर कोड से लैस आईकार्ड, टी-शर्ट व कैप में घाटों पर दीपों को सजाना शुरू किया गया। बीच-बीच में वालंटियर द्वारा जय श्रीराम के नारे गूंजते रहे और 16 गुणे 16 का दीयों का ब्लाक बना रहे है जिनमें 256 दीए सजा रहे है।

**>> वालेंटियर्स के लिए समुचित व्यवस्था**

छोटी दीपावली के दिन 30 अक्टूबर को 28 लाख दीयों में तेल, बाती लगाकर देर शाम प्रज्वलित करने के साथ एक नया विश्व रिकार्ड कायम करेंगे। दूसरी ओर घाटों पर घाट प्रभारी व समन्वयक द्वारा समय-समय पर वालंटियर को दिशा-निर्देश प्रदान किए जा रहे है। बहुत ही सावधानी से वालंटियर गत्तों से दीए निकालकर घाटों पर बिछाने का कार्य कर रहे है। इन वालंटियर को घाटों पर स्वच्छ पानी पीने की व्यवस्था सामग्री संयोजक प्रो सिद्धार्थ शुक्ला व प्रो गंगाराम मिश्र की देखरेख में की गई है। सभी को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त वालंटियर के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। भोजन समिति के संयोजक प्रो चयन कुमार मिश्र व उनके सहयोगियों द्वारा भजन संध्या स्थल पर वालंटियर को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। दूसरी ओर विवि के उपकुलसचिव दिनेश कुमार मौर्य द्वारा नगर निगम की मदद से घाटों की स्वच्छता के लिए भारी भरकम टीम उतार दी गई है। इनके द्वारा घाटों की साफ-सफाई कराई जा रही है।

**>> 28 अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा 28 लाख दीये सजाने के काम**

दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो संत शरण मिश्र ने बताया कि दीपोत्सव के विश्व कीर्तिमान के लिए विवि परिसर सहित 14 महाविद्यालय, 37 इण्टर कालेज, 40 एनजीओ के 30 हजार वालंटियर लगाये गए है। सरयू के 55 घाटों पर 30 एमएल दीए के 16 गुणे 16 का एक ब्लाक वालंटियर द्वारा बनाया जा रहा है। जिनमें 256 दीए बिछाये जा रहे है। दीपोत्सव के दिन 30 एमएल दीए में 30 एमएल सरसों को इस्तेमाल किया जायेगा। घाट प्रभारी व समन्वयक की देखरेख में बड़ी सावधानी से दीए में तेल डालने का काम करेंगे। दीए बिछाने का कार्य 28 अक्टूबर तक पूरा कर लिया जायेगा। 29 से घाटो पर लगे दीए की गणना की जायेगी। वही 30 अक्टूबर को घाटों पर लगे दीयों में बाती, तेल डालकर व प्रज्वलन करके विश्व रिकार्ड बनायेंगे। दीपोत्सव की सफलता के लिए विश्वविद्यालय, सम्बद्ध महाविद्यालयों, इण्टर कालेज व स्वयंसेवी संस्थाओं की भारी भरकम टीम उतार दी गई है। सभी दीपोत्सव में विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य को अंजाम दे रहे हैं।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काल भैरव और श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना, बाबा का लिया आशीर्वाद



**वाराणसी, 27 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को एक दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव और श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन कर बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। विश्वनाथ मंदिर प्रशासन ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए उन्हें अंग वस्त्र और मोमेंटो भेंट किया। मुख्यमंत्री ने पूजा के पश्चात बाबा विश्वनाथ से प्रदेश की खुशहाली और विकास के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने काल भैरव मंदिर के बाहर बच्चों को टाफियां भी बांटी। मुख्यमंत्री के साथ मंदिर दर्शन के अवसर पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालु, शहर दक्षिणी के विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, विधायक सौरव श्रीवास्तव, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा और अन्य प्रमुख नेता भी उपस्थित रहे। मंदिर प्रशासन की ओर से कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने स्वागत किया, वहीं पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी एस राज लिंगम और अन्य उच्च प्रशासनिक अधिकारी भी इस मौके पर उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के आगमन पर मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# लखनऊ ब्रेकिंग अपडेट लखनऊ थाना ठाकुरगंज घंटाघर तिराहे पर आज दिनांक 27 10 2024 समय लगभग शाम 6:00 बजे से घंटाघर पुलिस सगन वाहन चेकिंग अभियान को लेकर हुई एक्टिव




**लखनऊ।** दीपावली जैसे बड़े त्यौहार को लेकर सुरक्षा व्यवस्थाओं में पुलिस ने काफी लगाम कसते हुए थाना ठाकुरगंज नजर आया एक्टिव सघन वाहन चेकिंग अभियान में ट्रिपल सवारी चालकों पर तहसील लगाम करते हुए उनके ऊपर की चालान की कार्यवाही और हेलमेट न लगाने पर किया चालान लगातार नाबालिक बच्चे जो रोड पर वाहन लेकर निकल रहे हैं उनको भी चालान की कार्रवाई करते हुए दी हिदायत हेलमेट लगाने से आपकी और सामने वाले की जान की सुरक्षा है ठाकुरगंज पुलिस लगातार अपने कार्य में एक्टिव नजर आती है वहीं दूसरी तरफ इंस्पेक्टर श्रीकांत राय अपने कार्य व्यवस्था में हमेशा सफल रहते हैं और थाना ठाकुरगंज क्षेत्र को सुरक्षित बनाने में लगे रहते हैं दूसरी तरफ देखने को मिलता है घंटाघर स्थित चौकी इंचार्ज राजीव प्रताप सिंह हुसैनाबाद चौकी इंचार्ज मुदित राय और कई चौकी इंचार्ज के साथ मिलकर वाहन चेकिंग अभियान को विशेष कार्य समझ कर कर महान सफलता हासिल हमेशा अपने थाना प्रभारी की बातों को संज्ञान में लेते हुए थाना ठाकुरगंज के सभी चौकी इंचार्ज मौजूद।

# राष्ट्र सेवी संगठन के राष्ट्रीय संयोजक एवं भा कि संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा का हुआ जोर दार स्वागत


लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी
अमरोहा




**अमरोहा।** रविवार को भारतीय किसान संघ जनपद अमरोहा द्वारा आरोहा कृषि विभाग के चौक्क चरण सिंह सभागार कक्ष में एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व में भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष रहे कृष्ण कुमार शर्मा को भी आमंत्रित किया गया था। निमंत्रण मिलने पर श्री शर्मा सभागार में पहुंचे जिससे वहां पर उपस्थित भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता बहुत खुश हुए और फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित प्रांत संगठन मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि श्री शर्मा लगातार दो बार भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष रहे। जिलाध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल सराहनीय रहा। इनकी सोच हमेशा समाज एवं राष्ट्र हित की रही है। ऐसा व्यक्ति जहां भी रहता है ईमानदारी पूर्वक किए गए कार्यों के चलते सराहना का पत्र बन जाता है। उपस्थित प्रांत उपाध्यक्ष चो नरेंद्र सिंह ने कहा कि अपनी स्वच्छ छवि के चलते श्री शर्मा ने लोगों के दिलों में स्थान बनाया है। उपस्थित जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा ने श्री शर्मा का आभार व्यक्त किया। श्री शर्मा ने कहा कि वे हमेशा से राष्ट्र हित समाज हित में कार्य करते रहे हैं। जब भी किसी समय किसी को आवश्यकता होगी वे उपस्थित मिलेंगे। वर्तमान समय में जातिवाद और सांप्रदायिकता से अलग हटकर काम करने की है तभी भारत को विश्व में मार्गदर्शक का दर्जा मिल सकता है। इस अवसर पर जिला प्रभारी संजीव शर्मा, प्रांत सदस्य महिपाल सिंह, जिला मंत्री आलोक चौहान, जिला कोषाध्यक्ष धर्मपाल सिंह, सतीश कुमार ,जिला संयोजक ऊषा चौधरी, ब्लाक अध्यक्ष ओमवीर सिंह, अशोक शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष दशरथ कौशिक, शिवचरण सैनी, यशवीरसिंह आदि उपस्थित रहे।

# विशेष दीपकों से जगमगाएगा श्रीराम लला मन्दिर





**अयोध्या, 27 अक्टूबर।** योगी सरकार इस वर्ष अयोध्या में आठवें दीपोत्सव का भव्य आयोजन कर रही है। इस अवसर पर अयोध्या नगरी को दीपों से रोशन करने और श्रीराम जन्मभूमि पर बने नव्य और भव्य मंदिर में पहली दीपावली को अविस्मरणीय बनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। इस वर्ष सरयू तट पर जहां 25 से 28 लाख दीपक प्रज्वलित कर विश्व रिकॉर्ड बनाने की योजना है, वहीं श्रीराम मंदिर में विशेष प्रकार के दीपक जलाए जाएंगे। मंदिर भवन को दाग-धब्बों और कालिख से सुरक्षित रखने के लिए विशिष्ट दीपकों की व्यवस्था की है, जो लंबे समय तक प्रकाशमान रहेंगे।

**मनोहारी फूलों से सजेगा मन्दिर परिसर**

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाने की भी विशेष योजना है। मंदिर परिसर को कई खंडों और उपखंडों में विभाजित कर सजावट का दायित्व सौंपा गया है। बिहार कैडर से स्वैच्छिक सेवानिवृत्त आईजी आशु शुक्ला को मंदिर के प्रत्येक कोने को व्यवस्थित रूप से रोशन करने, सभी प्रवेश द्वारों को तोरण से सजाने, साफ-सफाई और सजावट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे श्रद्धालु मनोहारी फूलों और दीपों से सजे मंदिर का दिव्य दर्शन कर सकेंगे।

**पर्यावरण संरक्षण का भी रखा गया ध्यान**

इस दीपोत्सव में पर्यावरण संरक्षण का भी विशेष ध्यान रखा गया है। मंदिर भवन के ढांचे को धुएं की कालिख से बचाने के लिए परिसर में विशेष मोम के दीपक जलाए जाएंगे, जिनसे कार्बन उत्सर्जन न्यूनतम होगा। मंदिर ट्रस्ट का प्रयास है कि इस दीपावली में अयोध्या न केवल धर्म और आस्था का केंद्र बने, बल्कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दे।

**रात 12 बजे तक हो सकेंगे बाहर से भवन दर्शन**

दीपोत्सव की भव्यता को श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय बनाने के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने मंदिर को 29 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक रात 12 बजे तक बाहर से भवन दर्शन के लिए खुला रखने का निर्णय लिया है। गेट संख्या चार बी (लगेज स्कैनर प्वाइंट) से श्रद्धालु आधी रात तक मंदिर की भव्य सजावट का आनंद ले सकेंगे। यह दीपोत्सव न केवल आस्था बल्कि पर्यावरण और सौंदर्य का संदेश भी देगा, जिससे अयोध्या की दीपावली विश्वभर में विशेष स्थान बनाएगी।

# संस्कृत है विज्ञान की भाषा, प्रदेशभर में फिर से शुरू किये जाएंगे गुरुकुल पद्धति के विद्यालय : योगी आदित्यनाथ

**वाराणसी, 27 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से रविवार को प्रदेश के संस्कृत विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के 69,195 संस्कृत विद्यार्थियों को ?586 लाख की छात्रवृत्ति संवितरण की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर में गुरुकुल पद्धति के आवासीय संस्कृत विद्यालयों को पुनर्स्थापित करने का भी संकल्प लिया। मुख्यमंत्री ने संस्कृत भाषा को विज्ञान और तकनीकी शिक्षा की भाषा के रूप में उभरने की संभावना पर जोर दिया और छात्रों से इसे गंभीरता से अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जो मानवता का पक्षधर है वह संस्कृत का भी हिमायती है। सीएम योगी ने पिछली सरकारों में संस्कृत शिक्षा को उपेक्षित रखे जाने की बात कही।

**>> विज्ञान की भाषा है संस्कृत**

कार्यक्रम के दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संस्कृत न केवल देववाणी है बल्कि यह विज्ञान की भाषा भी है, जो कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों में उपयोगी है। उन्होंने कहा कि संस्कृत की विशेषताएं इसे तकनीकी दृष्टिकोण से सरल और सहज बनाती हैं। इसीलिए हम संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन के लिए नए प्रयासों की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

**>> सभी विद्यार्थियों का खुले बैंक अकाउंट**

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में छात्रवृत्ति योजना का महत्व बताते हुए कहा कि पहले संस्कृत के केवल 300 विद्यार्थियों को ही छात्रवृत्ति मिलती थी, उसमें भी आयु सीमा तय करके रखा गया था, लेकिन अब हमारी सरकार ने इसे सभी छात्रों तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। प्रदेश में संस्कृत के 69,195 विद्यार्थियों को इस योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों का बैंक खाता खुलवाने का निर्देश भी दिया, जिससे उन्हें छात्रवृत्ति का लाभ सीधा और सुरक्षित रूप से मिल सके।

# हर पात्र व्यक्ति को दिलाएं शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : मुख्यमंत्री

## जनता दर्शन में 300 लोगों की समस्याएं सुनीं सीएम योगी ने, निस्तारण के लिए दिए जरूरी निर्देश



**गोरखपुर, 27 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर पात्र व्यक्ति को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। जिनके पास आवास नहीं है उन्हें पीएम-सीएम योजना के तहत पक्का आवास दिलाया जाए और जो किसी सामाजिक पेंशन योजना के दायरे में आने की अर्हता रखते हैं, उन्हें इसका लाभ दिलाया जाए। सीएम योगी ने उक्त निर्देश रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम खुद पहुंचे और एक एक करके सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला की समस्या को संवेदनशीलता से देखें। पात्रता के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया जाए। जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। शासन से इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ आए नन्हे मुन्ने बच्चों को दुलारकर मुख्यमंत्री ने उन्हें चॉकलेट गिफ्ट किया।

# मेरठ में विद्या विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रदान किया गया प्राधिकरण पत्र





**लखनऊ, 27 अक्टूबर।** उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के प्रसार के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निरंतर प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में उच्च शिक्षा विभाग की ओर से मेरठ में नए विद्या विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्राधिकरण पत्र प्रदान किया गया है। यह प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सरकार का एक और अहम कदम है।

**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का विस्तार**

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में निजी विश्वविद्यालयों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का विस्तार हो रहा है, जो प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक अहम कदम है। प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, एमङ्कपीङ्क अग्रवाल की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने विद्या विश्वविद्यालय, मेरठ को संचालन की अनुमति देते हुए विश्वविद्यालय के सुचारु संचालन हेतु नियमों और शर्तों के अनुपालन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय युवाओं को वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में सहायक सिद्ध होगा।

**संचालन प्रक्रिया होगी प्रारंभ**

विद्या विश्वविद्यालय, मेरठ को हाल ही में उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (आठवाँ संशोधन) अध्यादेश, 2024 के तहत अनुमोदित किया गया है और इसे उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की अनुसूची-2 में कमांक 46 पर शामिल किया गया है। प्राधिकरण पत्र के साथ अब यह विश्वविद्यालय अपनी संचालन प्रक्रिया प्रारंभ कर सकेगा।

**निःशुल्क छात्रावास और भोजन की व्यवस्था करने वाले विद्यालयों को मिलेगी विशेष सहायता**

संस्कृत और भारतीय संस्कृति के महत्व को रेखांकित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरुकुल शिक्षा पद्धति को फिर से प्रदेशभर में लागू करने की योजना है। उन्होंने कहा कि यह परंपरा ही हमारी असली ताकत है और इससे ही भारत विश्वगुरु के रूप में उभर सकता है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि गुरुकुल संस्थानों को अतिरिक्त सुविधाएं दी जाएंगी, जिसमें छात्रों के लिए निःशुल्क छात्रावास और भोजन की व्यवस्था करने वाले संस्थानों को सरकार की ओर से विशेष सहायता मिलेगी। ऐसे संस्थानों को अच्छे आचार्यों की नियुक्ति की भी स्वतंत्रता दी जाएगी।

**संस्कृत में विशिष्ट शोध को बढ़ावा दे रही सरकार**

संस्कृत भाषा को और अधिक बढ़ावा देने के लिए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में स्थापित वैदिक विज्ञान केंद्र के माध्यम से संस्कृत के विशिष्ट शोध को प्रोत्साहित कर रही है। इस केंद्र में शोध करने वाले छात्रों के लिए विशेष छात्रवृत्ति भी दी जाएगी ताकि वे आर्थिक चिंता किए बिना अपने शोध को आगे बढ़ा सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म और भारत का समय आ गया है। भारत के समय को नेतृत्व देने के लिए संस्कृत विद्यार्थियों को स्वयं को तैयार करना होगा।

# महाकुंभ में योगी सरकार रखेगी श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का ख्याल

**प्रयागराज। 27 अक्टूबर :** महाकुंभ में योगी सरकार श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की देखभाल के पुख्ता इंतजाम कर रही है। सरकार की ओर से विभागीय अफसरों को 15 दिसंबर तक सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बाकायदा एक्सरे, एमआरआई, लैब टेस्ट की भी सुविधा रहेगी। स्वस्थ महाकुंभ को नव्य और भव्य रूप देने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 10 लाख ओपीडी और 10 हजार आईपीडी तक की क्षमता की तैयारी पूरी कर ली है। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की जांच के लिए हाईटेक अस्थाई अस्पताल बनाए जा रहे हैं, जिसमें रायबरेली एम्स के चिकित्सकों की टीम भी लोगों की देखभाल के लिए मौजूद रहेगी। मालूम हो कि महाकुंभ के लिए 77.5 करोड़ रुपए से ज्यादा के 43 प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है।

**हर तरह की जांच होगी संभव**

संयुक्त निदेशक (चिकित्सा स्वास्थ्य) प्रयागराज, वीके मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ के दौरान स्वास्थ्य विभाग सभी इंतजाम पुख्ता करने की तैयारियों में जुटा है। किसी भी श्रद्धालु को स्वास्थ्य के लिहाज से कोई समस्या ना आने पाए इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की टीम दिन-रात काम में लगी है। इसके तहत 100 बेड का अस्पताल परेड ग्राउंड में तैयार किया जा रहा है। वहीं, महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हर प्रकार की जांच की सुविधा मौजूद रहे, इसकी व्यवस्था बनाई जा रही है। इसके अलावा 10 लाख ओपीडी और 10 हजार आईपीडी की क्षमता का लक्ष्य भी रखा गया है।

**महाकुंभ पर सभी प्रमुख अस्पतालों को किया जा रहा अपग्रेड**

महाकुंभ को नव्य, भव्य और दिव्य बनाने को लेकर योगी सरकार ने विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय में इंतजाम पूरे रखने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए, इसके लिए यहां के सभी प्रमुख अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा। संयुक्त निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य के अनुसार महाकुंभ में एक भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न होने पाए, इसके लिए विभागीय अधिकारियों की टीम दिनरात काम में लगी है।

# कुरुक्षेत्र

## दो युवकों ने एक व्यक्ति का सवा लाख रुपए का आईफोन लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय


प्राचीन हनुमान मंदिर के बाहर जोगध्यान को आई फोन सौंपते दो युवक।

लाडवा, अक्टूबर : लाडवा के प्राचीन हनुमान मंदिर के बाहर चेतन कबाड़ी की दुकान पर काम करने वाले दो युवकों ने श्री सनातन धर्म महावीर दल के सेवक जोगध्यान का एप्पल का आई फोन लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया। सेवक जोगध्यान ने बताया कि शुक्रवार देर सांय हनुमान मंदिर के नजदीक उनका एप्पल का आई फोन जिसकी कीमत लगभग सवा लाख रूपए है, वह गिर गया था। जिसको वह ढूंढ रहे थे। उन्होंने बताया कि रामानन्द व बबलू निवासी उत्तरप्रदेश ने अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए मोबाईल उनको सौंपा। उन्होंने बताया कि कुछ दिन के बाद किसी कार्यक्रम में दो युवकों को सम्मानित करने का काम किया जाएगा।

## यूनिक शिक्षा निकेतन में दीवाली के उपलक्ष्य में करवाई दीया व पॉट डैकोरेशन प्रतियोगिता


यूनिक शिक्षा निकेतन में दीया डेकोरेशन प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं

लाडवा, अक्टूबर : लाडवा के यूनिक शिक्षा निकेतन में दीवाली के उपलक्ष्य में बच्चों को दीया डेकोरेशन व पॉट डेकोरेशन प्रतियोगिताएं करवाई गई।स्कूल कोर्डिनेटर मुनमुन शर्मा ने बताया कि दीया डेकोरेशन में तीन ग्रुप बनाए गए और पॉट डेकोरेशन में दो ग्रुप बनाए गए। बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर भाग लिया। दीया डेकोरेशन में सीनियर ग्रुप में पायल, दीपांशी, वंशिका व रीतिका क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान पर रही। जूनियर ग्रुप में प्राची, जाह्नवी, चेष्टा व अक्षिता तथा प्राइमरी ग्रुप में हिमांशु, तनवी, वैष्णवी व गर्व प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान पर रहे। पॉट डेकोरेशन में सीनियर ग्रुप में अक्षिता, मयंक, वंशिका खेड़ी व वंशिका व जूनियर ग्रुप में वरुणा, तुषार, खुशबू व द्विशा क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान पर रहे। प्राचार्य बृजमोहन शर्मा ने बताया कि आर्ट एंड क्राफ्ट अध्यापिका बबीता शर्मा बच्चों को वर्ष भर को-करिकुलर ऐक्टिविटीज की बहुत अच्छी तैयारी करवाती हैं।

## त्यौहारों के सीजन में बाजारों में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी : थाना प्रभारी


लाडवा थाना प्रभारी कुलदीप सिंह जानकारी देते हुए।

अक्टूबर : लाडवा थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने कहा कि त्यौहारों के सीजन में किसी भी प्रकार की बाजारों में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। सभी आने-जाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह थाना में पत्रकारों से बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दीपावली जैसा बड़ा पर्व नजदीक है। जिसको लेकर लाडवा पुलिस ने पूरी तरह से अपनी कमर कस ली है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि बाजार में बड़े वाहन लेकर जाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।

## मदर टेरेसा स्कूल में लक्ष्मी, गणेश की पूजा


मदर टेरेसा स्कूल में दिवाली पर्व से पहले पूजा अर्चना करते स्टाफ व अन्य।

लाडवा अक्टूबर : मथाना चौंकी स्थित मदर टेरेसा मॉडर्न पब्लिक स्कूल में दीपोत्सव को लेकर शनिवार को दिवाली पर्व की धूम रही। स्कूल प्रधानाचार्या पूजा सक्सेना ने बताया कि स्कूल में शिक्षकों के साथ भगवान लक्ष्मी, गणेश की पूजा की। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल के स्टाफ सदस्यों द्वारा रंगोली और दीपकों से स्कूल परिसर को सजाया गया। अध्यापकगण के द्वारा डांडिया नृत्य किया गया और कार्यक्रम के बाद प्रसाद वितरण किया गया। वहीं स्कूल परिसर में दिवाली के उपलक्ष में स्कूल मैनेजमैंट की ओर से प्रधानाचार्या पूजा सक्सेना द्वारा सभी अध्यापकगण को दिवाली के उपहार भेंट किए गए। स्कूल निदेशक और प्रधानाचार्या के द्वारा सभी अध्यापकगण को दिवाली की ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई। वहीं मौके पर स्कूल के सभी स्टाफ सदस्य व शिक्षक उपस्थित थे।

## नवयुग स्कूल के बच्चों ने स्मार्ट बाजार का किया भ्रमण


स्मार्ट बाजार का भ्रमण करते बच्चे।

कुरुक्षेत्र, अक्तूबर। नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर के कक्षा नर्सरी से यूकेजी के नन्हे मुन्ने बच्चों ने आज स्मार्ट बाजार का भ्रमण किया। इस भ्रमण पर जाते हुए नन्हे मुन्नों का उत्साह देखते ही बनता था। स्मार्ट बाजार पहुंच कर सबसे पहले इन बच्चों ने वहां उपस्थित सभी कर्मचारियों को बड़े ही अनोखे ढंग से हाथ जोड़कर नमस्ते किया। उसके बाद स्मार्ट बाजार का अवलोकन किया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सामान को देखा और उनके बारे में जानकारी भी प्राप्त की तथा बाजार से खरीददारी करने की कला को भी जाना। बच्चों को स्मार्ट बाजार का किड्स सेक्शन विशेष पसंद आया यहां बच्चों ने अपनी पसंद के अनुसार खिलौने देखे। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के परिधान भी देखे। बच्चों के अनुशासन को देखकर वहां उपस्थित अन्य लोगों ने उनकी विशेष सराहना की। सभी नन्हे मुन्नों को स्मार्ट बाजार के कर्मचारियों ने फ्रूटी एवं चॉकलेट देकर विदा किया। भ्रमण से विद्यालय लौटने पर बच्चों की प्रसन्नता देखते ही बनती थी। इस भ्रमण पर विद्यार्थियों के साथ अध्यापिका मंजीत, नीतू, सीमा, नैंसी, परम ज्योति एवं दीपिका मौजूद रहीं।

# फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में दृष्टि सैनी व अनुराग ने पाया प्रथम स्थान

- विद्यार्थियों ने निभाई प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की भूमिका



फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते वाइस प्रिंसिपल आरती अरोड़ा व अन्य।

शाहाबाद मारकंडा, अक्तूबर : अल्पाइन पब्लिक स्कूल में दीपावली त्यौहार के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के लिए रैंप वॉक और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्री- नर्सरी और नर्सरी के विद्यार्थियों ने रैंप वॉक तथा कक्षा केजी, प्रथम एवं द्वितीय कक्षा के विद्यार्थियों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम-ए के दक्ष ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कक्षा केजी-सी के समरदीप ने हरियाणा राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की भूमिका निभा कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। विद्यालय की अध्यापिकाओं प्रीति गुप्ता तथा किरण साहनी ने मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम का आरंभ किया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थी सैनिक, परी, किसान, पेन, पेंसिल, अखबार, श्री राम, श्री कृष्ण, भारत माता, फौजी, बर्थडे गर्ल तथा मुकेश अंबानी की भूमिका में नजर आए।

इस तरह अपनी-अपनी वेशभूषा को सार्थकता देते हुए उन्होंने आदर्श विद्यार्थी, एक अच्छे नागरिक और देश के कार्यवाहक की भूमिका निभाई। इन प्रतियोगिताओं में प्री-नर्सरी की दृष्टि सैनी ने प्रथम तथा अर्श-वीर सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा नर्सरी में अनुराग ने प्रथम, इशिका ने द्वितीय तथा योगिता ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कक्षा केजी-ए में रियान ने प्रथम, नक्श शर्मा ने द्वितीय, केजी-बी में चरण कमल सिंह और मनप्रीत सिंह ने प्रथम, दीपाक्षी ने द्वितीय तथा केजी-सी में समरदीप ने प्रथम और रिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा प्रथम-ए से दक्ष ने प्रथम, चाहत ने द्वितीय, ईशिका ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कक्षा प्रथम-बी में हरवीन कौर ने प्रथम, हर्षित ने द्वितीय, कक्षा प्रथम-सी में भाव्यांशी ने प्रथम, कृषा ने द्वितीय, कक्षा द्वितीय-ए में विराट ने प्रथम, रूही ने द्वितीय, तृषा पुरी ने तृतीय तथा ईशान अली ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कक्षा द्वितीय-बी में मोहम्मद शाइन ने प्रथम और जिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की वाइस प्रिंसिपल आरती अरोड़ा में सभी प्रतिभागियों की सराहना की तथा उन्होंने और विद्यालय की कोऑर्डिनेटर प्रोमिला ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। विद्यालय के प्रिंसिपल दीपक सिंघल ने भी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी। इस मौके पर स्कूल स्टाफ सहित बच्चे मौजूद रहे।

## शतरंज इंट्राम्यूरल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को मिला मानसिक कसरत का मौका : डॉ. कुशल पाल


इंदिरा गांधी स्कूल में शतरंज इंटरामुरल प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। (डिम्पी)

लाडवा अक्टूबर : लाडवा के इंदिरा गांधी कॉलेज में शतरंज इंटरामुरल (पुरुष और महिला) प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कॉलेज में पढ़ रहे अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थियों ने दिमागी कसरत की और अपना दमखम दिखाया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुशल पाल ने क्रीड़ा समिति के अध्यक्ष डॉ कुलदीप सिंह , सदस्य डॉ मोहनलाल व अन्य सहित इस पर शतरंज प्रतियोगिता के खिलाड?िं को प्रोत्साहित कर शतरंज प्रतियोगिता की शुरूआत की।

प्रचार्य डॉ. कुशल पाल ने कहा की मुख्य परीक्षा से पहले शतरंज की प्रतियोगिता खिलाड़ियों के विवेक व मानसिक योग्यता की एक अच्छी परख करने का अवसर प्रदान करेगी, वही प्रतियोगिता सचिव डॉ. मोहन लाल ने खेल समिति के अन्य सदस्यों के साथ सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। डॉ. कुशल पाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह और शारीरिक शिक्षा विभाग में ही कार्यरत जोरावर सिंह गिल धनौरा को बधाई दी और अन्य शिक्षक साथियों के साथ विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस प्रतियोगिता में कुल 21 खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की जिसमें बी. ए. तृतीय वर्ष की छात्रा गुंजन ने प्रथम स्थान, बी एस सी - प्रथम वर्ष के छात्र अक्षित तनवर ने दूसरा स्थान बी कॉम प्रथम वर्ष के छात्र गणेश ने तीसरा स्थान और बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा दिलप्रीत ने चौथा स्थान प्राप्त किया। वहीं मौके पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान पवन गर्ग और अन्य सदश्य और कॉलेज के शिक्षक डॉ अशोक वर्मा, डॉ यशपाल आदि मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर 70 प्रतिशत दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है : हेमा सुखीजा

- सड़क सुरक्षा नियमों पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

शाहाबाद मारकंडा, अक्तूबर : आर्य कन्या महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सेल की संयोजिका डॉ. हेमा सुखीजा के निर्देशन में सड़क सुरक्षा नियम पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. आरती त्रेहन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों पर प्रतियोगिता का आयोजन छात्राओं में जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे कार्यक्रम सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों की समझ देते हैं। इसके माध्यम से यातायात नियमों का सही ज्ञान बढ़ता है जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में सहायता मिलती है। भारत में सड़क हादसों के कारण हर साल हजारों लोगों की जान जाती है। सेल संयोजिका डॉ. हेमा सुखीजा ने बताया कि आंकड़ों के अनुसार लगभग 70 प्रतिशत दुर्घटनाओं को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता और उनका पालन करके रोका जा सकता है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विषयों पर जैसे स्पीड लिमिट, सिग्नल का सही उद्देश्य और सड़क पार करने के नियम आदि पर प्रश्न पूछे गए। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 409 छात्राओं ने गूगल फॉर्म के माध्यम से अपने उत्तर प्रेषित किए। प्रतियोगिता में बीकॉम प्रथम वर्ष की तनू ने पहला स्थान, बीए प्रथम वर्ष की दीक्षा ने दूसरा स्थान और बीए द्वितीय वर्ष की सिमरन कौर, बीएससी द्वितीय वर्ष की लवलीश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में कैप्टन डॉ. ज्योति शर्मा, डॉ. पूनम सिवाच, अनुराधा, दीक्षा, इशिका, निकिता ने अहम भूमिका निभाई।


छात्राओं को संबोधित करते सेल संयोजिका डॉ. हेमा सुखीजा।

## चार पहिया वाहनों के आगमन के कारण मेन बाजार में पूरा-पूरा दिन लगा रहता है जाम

### जाम लगने के कारण दुकानदारों व आम जन के साथ वाहन चालकों की होती है तू-तू-मैं-मैं

- महाराजा अग्रसेन चौक पर नपा प्रशासन द्वारा लगाया गया कैंची गेट बना शो पीस


लाडवा के मेन बाजार में दिन के समय चार पहिया वाहनों के कारण लगा पड़ा भारी जाम। (डिम्पी)

लाडवा, अक्टूबर : लाडवा के मेन बाजार में भारी चार पहिया वाहनों के आगमन के कारण पूरा दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। जिसके कारण न केवल दुकानदार बल्कि आमजन भी पूरा दिन परेशान रहते हैं।

गौरतलब है कि लाडवा नगरपालिका प्रशासन की ओर से शहर के महाराजा अग्रसेन चौक पर लगभग तीन साल पहले एक कैंची गेट लगवाया गया था और उस समय निर्धारित किया गया था कि सुबह 9 बजे से शाम के 7 बजे तक बाजार में पूर्ण रूप से भारी वाहनों के आगमन पर प्रतिबंध रहेगा। परंतु प्रशासन की ओर से आज तक केवल कुछ बार ही गेट को बंद किया गया है वरना प्रतिदिन यह कैंची गेट खुला रहता है। जिसके कारण भारी चार पहिया वाहन कार, थ्री व्हीलर, कैंटर आदि बाजार के अंदर चले जाते हैं और जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं दूसरी ओर अब त्यौहारों का सीजन चल रहा है।

जिसके कारण बाजार में लोगों की आवाजाही भी अधिक हो रही है। परंतु भारी वाहनों के आगमन के कारण लोगों को खरीदारी करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहरवासी योगेन्द्र कुमार, रोहित महंत, कैलाश, वैभव, बिट्टू, समीर, सुरेन्द्र, अमित, हैप्पी, संदीप, प्रेम सिंह, अशोक कुमार, राजेश सैनी आदि ने कहा कि मेन बाजार में भारी वाहनों के कारण इतना जाम लगा रहता है कि किसी को पांच मिनट के काम के कारण घंटों बाजार से निकलने में लग जाते हैं और आए दिन बाजार में वाहन चालकों के साथ गाली गलौच, लड़ाई झगड़ा होना आम बात हो गई है। उन्होंने नगरपालिका प्रशासन से मांग की है कि प्रतिदिन सुबह 9 बजे से लेकर शाम को सात बजे तक पूर्ण रूप से भारी चार पहिया वाहनों का बाजार में आगमन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध होना चाहिए ताकि लोग आराम से बाजार में अपने सामान की खरीदारी कर सकें। वहीं उन्होंने स्थानीय प्रशासन से मांग की लाडवा के अंदर कोई भी सार्वजनिक पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। सरकार व स्थानीय प्रशासन को शहर में एक बड़ी पार्किंग बनानी चाहिए। जहां पर लोग अपने वाहन खड़े कर सामान खरीदने के लिए जा सकें।

### जल्द किया जाएगा समस्या का हल : नपा प्रधान

**नगर**पालिका प्रधान साक्षी खुराना का कहना है कि शहर के मेन बाजार में सुबह 9 बजे से शाम के 7 बजे तक भारी वाहनों का बाजार में जाने पर जल्द ही प्रतिबंध लगा दिया जाएगा ताकि कोई भी भारी वाहन अंदर बाजार में न जा सके और किसी को कोई परेशानी न हो।

## मार्केट कमेटी कार्यालय में बनी कैंटीन में प्रतिदिन 300 लोग मात्र दस रूपए देकर कर रहे हैं भरपेट भोजन

### मजदूरों, किसानों व अन्य लोगों के दोपहर के खाने की व्यवस्था की है : सचिव



लाडवा मार्केट कमेटी कार्यालय में बनी कैंटीन में भोजन ग्रहण करते लोग। (डिम्पी)

लाडवा, अक्टूबर : लाडवा मार्केट कमेटी कार्यालय में बनी हरियाणा राज्य कृषि विपणन मंडल के सहयोग से सूरज कलस्टर लेवल फेडरेशन द्वारा मात्र दस रूपए में 12 से 2 बजे तक लोगों को खाने का लाभ मिल रहा है।

मार्केट कमेटी के सचिव संत कुमार ने बताया कि मार्केट कमेटी में जो सरकार द्वारा मात्र दस रूपए में भरपेट भोजन अनाजमंडी में काम करने वाले मजदूरों, किसानों व अन्य लोगों को दोपहर के खाने की व्यवस्था की है उससे भारी लाभ पहुंच रहा है। प्रतिदिन 300 से भी अधिक लोग इस कैंटीन में मात्र दस रूपए देकर भरपेट भोजन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 12 बजे से दो बजे तक आठ महिलाओं द्वारा कैंटीन में लोगों को खाना परोसा जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लाडवा में यह कैंटीन कुछ महीने पहले शुरू की गई थी, जिसका लाभ क्षेत्र के लोगों को मिल रहा है। प्रतिदिन दो सब्जी, चावल व रोटी मात्र दस रूपए में लोगों को पड़ोसी जा रही है।

### लाडवा रसोई बंद होने से बढ़ी लोगों की संख्या

**लाडवा** रसोई बंद होने से मार्केट कमेटी कार्यालय में बनी सरकारी कैंटीन में प्रतिदिन लगभग 60 से 100 लोगों की संख्या बढ़ गई है। बता दें कि 9 अक्टूबर को पुराने डाकखाने के नजदीक मात्र पांच रूपए में दोपहर को भरपेट प्रति व्यक्ति के हिसाब से भोजन दिया जाता था, जो रसोई अब बंद पड़ी है। जिसके कारण अब मंडी में दस रूपए प्रति व्यक्ति के हिसाब से लोग भोजन ग्रहण कर रहे हैं।

## विद्यार्थी राष्ट्र एवं समाज के लिए अमूल्य धरोहर : डा. श्रीप्रकाश मिश्र



कुरुक्षेत्र, अक्तूबर : मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा समाज के जरूरतमंद बच्चों के लिए निःशुल्क संचालित मातृभूमि शिक्षा मंदिर परिसर में डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल सेक्टर -13 के छात्र छात्राएं शैक्षणिक, संस्कृति एवं संस्कार हेतु भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत अपने शिक्षिकाओं के साथ आश्रम की गतिविधियों का अवलोकन किया एवं विद्यार्थियों से मुलाकात की। इस उपलक्ष्य में डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल एवं मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों के मध्य जिज्ञासा संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से सरस्वती वंदना के साथ हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों ने राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी एवं शिक्षक समूह ने बहुत ही जिज्ञासा पूर्वक मातृभूमि सेवा मिशन आश्रम की गतिविधियों का अवलोकन किया। विद्यार्थियों का आश्रम परिसर पहुंचने पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा के साथ शंख ध्वनि से मंत्रोच्चारण के साथ स्वागत किया। मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा कि उचित पथ प्रदर्शन और शिक्षण से माता पिता तथा शिक्षकों को बच्चों के विकास के लिए यह देखना चाहिए कि सामाजिक संदर्भ में बालकों के अनुभव यथा सम्भव सुखद हो और तभी वे सरलता से नैतिकता का पाठ सीख सकेंगे। यदि बालक को कोई कार्य करने के लिए विवश किया जाता है, तो वह कुछ भी न सीख सकेगा। अतः स्वाभाविक रूप में ही विद्यार्थी को सब कुछ सिखाने का प्रयत्न करना चाहिए। सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार व्यवहार दिखा पाना बच्चा कई वर्षों में सीख पाता है। यदि विद्यार्थी के ऊपर मनोवैज्ञानिक नियन्त्रण रखा गया और उसके विविध अनुभव सुखद बनाए गये तो विद्यार्थी नैतिक व्यवहार दिखाने में समर्थ नहीं होता। आवश्यक ज्ञान देने के बाद उदाहरण द्वारा हमें विद्यार्थियों को यह दिखलाना चाहिए कि उस ज्ञान को कार्यान्वित कैसे किया जाए। विद्यार्थी किसी भी राष्ट्र एवं समाज के लिए एक अमूल्य धरोहर है।

## स्वयंसेवकों ने निकाली जागरूकता रैली



कुरुक्षेत्र, अक्तूबर : भगवान परशुराम कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा सेक्टर 5 में जागरूकता रैली निकाली गई जिसका थीम रहा ह्यआओ मिलकर मनाएं ग्रीन दिवालीह्न। प्रोग्राम आफिसर वासवदत्ता और डॉ सुषमा वशिष्ठ ने बताया कि इस रैली में स्वयंसेवकों ने सेक्टर 5 के मार्केट एरिया और रिहायशी इलाके में जाकर लोगों को ग्रीन दिवाली मनाने हेतु जागरूक किया। दिवाली या किसी अन्य अवसर पर पटाखे फोड़ना पर्यावरण के लिए हानिकारक है। पटाखे वातावरण में सल्फर डाइआक्साइड, नाइट्रोजन डाइआक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर जैसे महत्वपूर्ण मात्रा में वायु प्रदूषक छोड़ते हैं। प्रिंसिपल शीशपाल ने भी छात्रों को ग्रीन पटाखे जलाने के लिए प्रेरित किया क्योंकि इनके जलने से कम प्रदूषण होता है। इससे दीवाली का मजा कम नहीं होता क्योंकि ये ग्रीन पटाखे दिखने, जलाने और आवाज में सामान्य पटाखों की तरह ही होते हैं। आमतौर पर ग्रीन पटाखों से 50 फीसदी तक वायु प्रदूषण कम हो जाता है। ये हवा में बहुत विषैली गैस रिलीज नहीं करते। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने लोगों को ह्यवोकल फॉर लोकलह्न होने के लिए भी प्रेरित किया। एमकॉम से अंकुश और बीए तृतीय वर्ष से गुरप्रीत, लवप्रीत, पारुल, शिवानी, हर्षित, अर्पित, निशा, सिमरन इत्यादि ने भाषण प्रतियोगिता में अपने विचार प्रस्तुत किए ।कार्यक्रम के अंत में इतिहास विभाग की एचओडी डॉ सुषमा वशिष्ठ ने श्री वल्लभभाई पटेल के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके जीवन से सीखने के लिए प्रेरित किया।

## माता रुक्मणि राय स्कूल में दिवाली फेस्ट'


रिबन काटकर ह्यदिवाली फेस्टह्न कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्रबंधक समिति के सदस्य।

मारकंडा, अक्तूबर : माता रुक्मणी राय आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल खरींडवा में बड़े जोश एवं उत्साह के साथ ह्यदिवाली फेस्टह्न का आयोजन किया गया। जिसका थीम ह्यसंस्कृति के रंग दिवाली के संगह्न रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक समिति के मैनेजर रामलाल गुप्ता, प्रधान विष्णु भगवान गुप्ता, मनोज बंसल और महेंद्र प्रकाश कंसल ने रिबन काटकर किया। जिसमें विद्यालय में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जिसमें फूड स्टॉल्स जैसे भेलपुरी, दही भल्ले, गोलगप्पे, नींबू पानी, आर्ट एंड क्राफ्ट, गेमिंग जोन, एडवांस स्टैम लैब एवं बेबी शो, दीया व मोमबत्ती स्टॉल, छोटे बच्चों के लिए झूले के साथ-2 लक्की ड्रॉ द्वारा विद्यार्थियों एवं टीचर स्टाफ के इनामों की घोषणा की गई। विद्यार्थियों ने अध्यापक की सहायता से गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के वर्किंग मॉडल की प्रदर्शनी लगाई। विद्यालय प्रबंधन समिति की उप प्रधान रमन कांता ने सभी अभिभावकों को दिवाली की बधाई दी और उनके सहयोग के लिए धन्यवाद किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या बीबनदीप कौर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चे व्यावहारिक कौशल सीखेंगे और उनके लिए यह जानना भी महत्वपूर्ण है कि आप किस प्रकार से अपना साधन निवेश करते हैं और वह भविष्य में आपके किस प्रकार से काम आएगा। इस अवसर पर विद्यालय की उप प्रधानाचार्या मोनिका आनंद, डा.निधि गुप्ता, रोहिणी आहूजा, जसविंदर कौर, मनप्रीत कौर, गुलशन, मनीषा, गगन, सुधा, कामिनी एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## पोस्टर प्रतियोगिता में अमित कुमार ने मारी बाजी


पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ एमडीडी आफ इंडिया के पदाधिकारी व स्कूल स्टाफ।

- छात्रा स्वाति को द्वितीय व रजनी को मिला तृतीय पुरस्कार

कुरुक्षेत्र, अक्तूबर : कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के तहत एमडीडी आफ इंडिया द्वारा न्याय तक पहुंच अभियान के अंतर्गत बाल विवाह व बाल मजदूरी रोकने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फलाही में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

एमडीडी आफ इंडिया की जिला संयोजक रितु रानी के नेतृत्व में आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। सभी बच्चों ने बाल विवाह और बाल मजदूरी को लेकर अच्छे अच्छे पोस्टर बनाए। प्रतियोगिता में 12 कक्षा के छात्र अमित कुमार ने प्रथम, कक्षा नौवीं की छात्रा स्वाति ने दूसरा और कक्षा दशमी की छात्रा रजनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एमडीडी आफ इंडिया के जिला सह संयोजक रामलाल सिरसल ने विजेता बच्चों को सम्मानित किया। रामलाल सिरसल ने कहा कि बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है।

बाल विवाह लडकी और लडके के समग्र विकास को प्रभावित करता है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पैसे कमाने की क्षमता, व्यक्तिगत सुरक्षा, कानूनी अधिकार शामिल है। अगर हमें बाल विवाह का पता चलता है, तो हमें उनकी तुरंत जानकारी अधिकारियों बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्प लाइन, ग्राम सरपंच, तहसीलदार, बाल विकास परियोजना अधिकारी, स्कूल शिक्षक व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को देनी चाहिए। प्रिंसिपल शीशपाल जांगड़ा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम प्रत्येक गांव में चलाए जाने चाहिए, ताकि समाज को ऐसी कुरीतियों से बचाया जा सके।इस अवसर पर सीएसडब्ल्यू संध्या सैनी, शीतल सैनी, अध्यापक इंद्रजीत पाहवा, प्रवीण कुमार, किरण, हरप्रीत कौर तथा रानी देवी मौजूद रही।



# इरफान अंसारी को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करें हेमंत सोरेन: शिवराज

● रांची,

**झारखंड** में कांग्रेस नेता और मंत्री इरफान अंसारी का सीता सोरेन पर दिए अमर्यादित बयान पर भाजपा नेताओं ने कड़ा विरोध किया है।

शनिवार को भाजपा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सोरेन के मंत्रीमंडल से इरफान अंसारी को बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने इरफान के बयान का विरोध किया। उन्होंने कहा कि जामताड़ा विधायक और मंत्री इरफान अंसारी ने सीता सोरेन के लिए अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया है। क्या इरफान अंसारी को शर्म नहीं आता है। आदिवासी महिला सीता सोरेन को इरफान अंसारी ने रिजेक्टेड माल बोला है। उनको शर्म करनी चाहिए। चौहान ने कहा कि सीता सोरेन स्वर्गीय दूर्गा सोरेन की



पत्नी, शिबु सोरेन की बहु और हेमंत सोरेन की भाभी हैं। वे झारखंड भाजपा की सम्मानित नेता हैं। इरफान अंसारी ने सीता सोरेन के लिए भद्दी शब्दों का इस्तेमाल किया। इरफान अंसारी ने केवल सीता सोरेन का अपमान नहीं किया बल्कि झारखंड की बहनों और बेटियों का अपमान किया है। यह भारत के नारी शक्ति का अपमान है। अगर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शर्म आती है तो इरफान अंसारी को मंत्री मंडल से बाहर निकाल देना चाहिए। इस बीच कोडरमा सांसद और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्ण देवी ने सीता सोरेन पर कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के बयान का घोर विरोध किया है।



## सार संक्षेप

### 50 वर्ष की हुई अभिनेत्री रवीना टंडन



**मुबई:** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री रवीना टंडन आज 50 वर्ष की हो गयी। रवीना टंडन का जन्म 26 अक्टूबर 1974 को मुंबई में हुआ। पिता रवि और मां वीणा टंडन के नाम को मिलाकर उनका नाम रवीना टंडन रखा गया। रवीना को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता जाने-माने फिल्म निर्माता थे। रवीना ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मुंबई के जमनाबाई स्कूल से पूरी की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के मशहूर मिठ्ठीभाई कॉलेज में दाखिला लिया। इस दौरान उनकी मुलाकात निर्देशक शांतनु शोरी से हुयी। उन्होंने रवीना को फिल्मों में काम करने की सलाह दी। इसके बाद कॉलेज में पढ़ाई छोड़कर रवीना फिल्मों में अभिनेत्री बनने का ख्वाब देखने लगी। रवीना ने अपने सिने करयिर की शुरूआत वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म 'पत्थर के फूल' से की। जीपी. सिप्पी निर्मित इस फिल्म में नायक की भूमिका सलमान खान ने निभाई थी। यह फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर सफल नहीं हो सकी लेकिन रवीना टंडन के अभिनय को दर्शकों ने काफी सराहा। इसके साथ ही वह नवोदित अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गयी।

### महाराष्ट्र में 100 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी और अन्य सामान जब्त

**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 15 अक्टूबर से आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद विभिन्न केंद्रीय और प्रांतीय अधिकारियों ने 25 अक्टूबर तक राज्य में 100.40 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है, जिनमें अवैध धन, शराब, ड्रग्स और कीमती धातुएं शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन कार्यालय के सूत्रों के मुताबिक 15 से 25 अक्टूबर तक राज्य भर में सी-विजिल ऐप पर कुल 1,259 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 1,250 शिकायतों का चुनाव आयोग द्वारा समाधान किया गया है। आचार संहिता लागू होने के पहले तीन दिनों में प्रदेश भर में कुल 420 शिकायतें प्राप्त हुईं और 10.64 करोड़ रुपये की बेहिसाब संपत्ति जब्त की गयी, जिसमें अवैध नकदी, शराब, ड्रग्स और कीमती धातुएं शामिल हैं।

### वोट के लिए कितना गिरेंगे हेमंत सोरेन: बाबूलाल मरांडी

**रांची:** झारखंड में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर फिर निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि मइयां सम्मान की ढोंग करने वाले हेमंत सोरेन को अपने परिवार के महिला सदस्य के अपमान की चिता नही है।उन्होंने कहा कि राज्य की जनता यह जानना चाहती है कि मुख्यमंत्री जी अपनी कुर्सी बचाने केलिए, वोट बैंक केलिए कितना नीचे गिरेगे हेमंत सोरेन। मरांडी ने कहा कि सीता सोरेन झारखंड आंदोलनकारी की बड़ी बहू, स्व दुर्गा सोरेन की पत्नी, मुख्यमंत्री की मां समान भाभी ,एक जनप्रतिनिधि हैं फिर भी मुख्यमंत्री जी अपने कैबिनेट मंत्री द्वारा उनके लिए बोले गए अपमानजनक शब्द को बर्दाश्त कर रहे हैं।कहा कि मुख्यमंत्री जी सत्ता मद में डब चुके हैं। कहा कि थोड़ी भी प्रतिष्ठा बची है तो मुख्यमंत्री को इरफान अंसारी पर कार्रवाई करनी चाहिए।

# जयशंकर बोले- भारत-चीन सीमा पर दो वजहों से हुआ समझौता

● नई दिल्ली, एजेंसी

**भारत**-चीन के बीच एलओसी पर पेट्रोलिंग को लेकर समझौते पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार का अपनी बात पर अड़े रहना काम कर गया। आज हम जिस मुकाम पर पहुंचे हैं, उसके दो कारण हैं। हम अपनी बात से पीछे नहीं हटे यह केवल इसलिए संभव हो सका क्योंकि सेना देश की रक्षा के लिए हर मौके पर डटी रही। सेना ने अपना काम किया और कूटनीति ने अपना काम किया।

जयशंकर ने कहा- मुझे लगता है कि इन दो कारणों के चलते भारत-चीन सीमा विवाद पर पेट्रोलिंग का मुद्दा हल हो सका है। विदेश मंत्री ने यह बात शनिवार को पुणे के एक कार्यक्रम में कही।दरअसल, भारत-चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में चार साल से सीमा विवाद को लेकर तनाव था। दो साल की लंबी बातचीत के बाद पिछले दिनों एक समझौता हुआ है। दोनों सेनाएं विवादित पॉइंट्स देपसांग और डेमचोक से पीछे हटेंगी। 18 अक्टूबर को देपसांग और डेमचोक से पीछे हटने की जानकारी सामने आई थी।इसमें बताया गया था कि यहां से दोनों सेनाएं अप्रैल 2020 से पहली की स्थिति में वापस लौटेंगी। साथ ही उन्हीं क्षेत्रों में गश्त करेंगी, जहां अप्रैल 2020 से पहले किया करती थीं। इसके अलावा कमांडर लेवल मीटिंग होती रहेगी 2020 में भारत-चीन के सैनिकों के बीच गलवान झड़प के बाद



से देपसांग और डेमचोक में तनाव बना हुआ था। करीब 4 साल बाद 21 अक्टूबर को दोनों देशों के बीच नया पेट्रोलिंग समझौता हुआ। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया था कि इसका मकसद लद्दाख में गलवान जैसी झड़प रोकना और पहले जैसे हालात बनाना है। शुक्रवार, 25 अक्टूबर से पूर्वी लद्दाख सीमा से पीछे हटना शुरू हो गई हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक पूर्वी लद्दाख के डेमचोक और देपसांग पॉइंट में दोनों सेनाओं ने अपने अस्थायी टेंट और शेड हटा लिए हैं। गाड़ियां और मिलिट्री उपकरण भी पीछे ले जाए जा रहे हैं। आर्मी के सूत्रों के मुताबिक 28 और 29 अक्टूबर तक दोनों देश देपसांग और डेमचोक से अपनी- अपनी सेनाएं पूरी तरह हटा लेंगे। पेट्रोलिंग के लिए सीमित सैनिकों की संख्या तय की गई है। ये संख्या कितनी है, इसकी अभी जानकारी सामने नहीं आई है।समझौते में लद्दाख के देपसांग के तहत आने वाले 4 पॉइंट्स को लेकर सहमति बन गई है, लेकिन डेमचोक के गलवान घाटी और गोगरा हॉट स्प्रिंग्स में गश्त को लेकर कुछ नहीं कहा गया है।

# दिल्ली की तरह ही पड़ोसी राज्यों में भी पटाखों पर लगे पाबंदी: राय

### कहा- पराली जलाने की घटनाओं में आई है कमी

● नई दिल्ली,

**दिल्ली** के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को कहा कि दिल्ली की तरह ही पड़ोसी राज्यों में भी पटाखों पर पूरी तरह से पाबंदी हो ताकि इससे होने वाले प्रदूषण को रोका जा सके।

गोपाल राय ने शनिवार को यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केन्द्र और राज्य की कृषि मंत्रियों की संयुक्त बैठक में पराली जलाने के मामलों को कम करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया की इस वर्ष दिल्ली सरकार पांच हजार एकड़ से ज्यादा खेतों में निःशुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव करा रही है। साथ ही, पराली जलाने की घटनाओं के खिलाफ कड़ी निगरानी रखने और निरीक्षण के लिए 11 टीमें तैनात की गई हैं। किसानों को धान की फसल के अवशेष न जलाने के लिए ,जागरूकता अभियान के तहत गांवों में 25 किसान जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उन्होंने इस साल की बैठक में देरी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पिछले साल अगस्त में इसी तरह की बैठक हुई थी, जिससे हमें रणनीति बनाने



के लिए अधिक समय मिला था। इस साल की बैठक अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में हुई। अगर यह तीन महीने पहले आयोजित की गई होती तो हम प्रदूषण की समस्या से अधिक प्रभावी ढंग से निपट सकते थे। पर्यावरण मंत्री ने बताया कि दिल्ली के अंदर पटाखों के उत्पादन, भण्डारण और किसी भी प्रकार की बिक्री या खरीद पर पूरी तरह प्रतिबन्ध है। यह प्रतिबन्ध पटाखों के ऑनलाइन डिलीवरी पर भी लागू है। दिल्ली की तरह ही एनसीआर राज्यों में भी पटाखों पर पूरी तरह से पाबंदी हो ताकि इससे होने वाले प्रदूषण को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि हालांकि पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है, लेकिन दिवाली के बाद का समय महत्वपूर्ण होगा। राय ने केंद्र और राज्य से आग्रह किया कि वे आने वाले दिनों में अधिक से अधिक प्रयास करें, ताकि सर्दियां आने से पहले प्रदूषण के स्तर पर अंकुश लगाया जा सके।

### कार-पिकअप की भिड़ंत में तीन की मौत

**श्रीगंगानगर:** राजस्थान में अनूपगढ़ जिले में भारतमाला परियोजना राजमार्ग 911 पर शनिवार सुबह पिकअप और कार में टक्कर होने से कार में सवार पिता-पुत्र और भांजे की मौत हो गयी जबकि पिकअप चालक और एक बालक घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पिकअप वाहन घड़साना से सब्जियां लेकर अनूपगढ़ की तरफ आ रहा था कि सुबह करीब सात बजे चक 15-ए के बस अड्डे के पास एक ट्रैक्टर को ओवरटेक करते समय पिकअप विपरीत दिशा से आ रही कार से टकरा गयी। इससे कार में सवार प्रभुराम सोखल (40), उसके पिता ओम प्रकाश (65) और ममेरा भाई बलबीर की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि प्रभुराम का भतीजा प्रशांत (12) और पिकअप वाहन चालक करणीसिंह (30) गंभीर रूप से घायल हो गये।

### सूडान अर्धसैनिक हमले में 50 की मौत

**खार्तूम:** मध्य सूडान के एक गांव पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के हमले में शुक्रवार को 50 से अधिक लोग मारे गए और 200 से अधिक घायल हो गए। गैर-सरकारी समूहों ने यह जानकारी दी। गीजिरा राज्य की राजधानी वाड मदनी में एक स्वयंसेवी समूह, प्रतिरोध समिति ने कहा कि शुक्रवार की सुबह, आरएसएफ मिलिशिया ने अल कामलिन इलाके के अलसेरिहा गांव पर भारी गोलाबारी और बमबारी की। जिसमें अलसेरिहा गांव के 53 से अधिक नागरिक मारे गए और 200 से अधिक अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।'एक गैर-सरकारी समूह, गीज़िरा कॉन्फ्रेंस ने एक बयान में कहा, शुक्रवार की सुबह से, एक आरएसएफ बल ने गीजिरा राज्य के उत्तर में अल कामलिन इलाके धावा बोल दिया।

### हर परिस्थिति में सलमान के साथ हूं: पप्पू

**पटना:** बिहार में पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान से बातचीत की और कहा कि वह हर परिस्थिति में उनके साथ हैं। लॉरेंस बिश्नोई गैंग से सलमान खान को मिल रहीं धमकियों के बीच पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव मुंबई में बॉलीवुड एक्टर सलमान खान से मुलाकत करने पहुंचे थे लेकिन सलमान के व्यस्त कार्यक्रम के चलते उनकी मुलाकात नहीं हो पाई। हालांकि दोनों की फोन पर लंबी बात हुई, जिसकी जानकारी खुद पप्पू यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर दी और बताया कि वह हर हालात में सलमान खान के साथ है। पप्पू यादव ने एक्स पर लिखा कहा कि मुंबई से लौट रहा हूं, शहर से दूर शूटिंग में व्यस्त होने के कारण फिल्म अभिनेता सलमान खान से मुलाकात नहीं हो पाई। उन्हें भी आश्वस्त करना चाहता था मैं हूं ना!



# सेना खून की हर बूंद का बदला लेगी: सिन्हा

● श्रीनगर,

**जम्मू**-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि सुरक्षा बलों ने उभरते खतरों से निपटने के लिए एक नयी रणनीति तैयार की गयी है और कश्मीर में बहाए गए निर्दोष खून की हर बूंद का बदला लिया जाएगा।

सिन्हा ने एसटीसी हुमहामा में 629 बीएसएफ रंगरूटों की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद के उभरते खतरों से निपटने के लिए एक नयी रणनीति बनाई गई है। सुरक्षा बल कश्मीर में बहाए गए निर्दोष खून की हर बूंद का बदला लेंगे। हाल ही में गगनगीर (गंदेरबल) में हुए हमले, जिसमें निर्दोष मजदूरों की हत्या की गई और बारामुल्ला में एक और हमला, जिसमें सैनिक मारे गए,



अत्यधिक निंदनीय है। सिन्हा ने कहा कि भारत हमेशा अपने पड़ोसियों के साथ शांति चाहता है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से हमारे पास एक ऐसा पड़ोसी (पाकिस्तान) है जो हमेशा शांति को बाधित करने की कोशिश करता है, जबकि उसके देश में गरीबी चरम पर है। उन्होंने कहा कि बीएसएफ को कई मोर्चों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, चाहे वह एलओसी की सुरक्षा हो या अंतरराष्ट्रीय सीमा की। उन्होंने कहा कि बल ने अपनी देशभक्ति और वीरता के लिए प्रसिद्धि अर्जित की है। बल को अपने दायरे का विस्तार करने और आतंकवाद की चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्रीय बलों के साथ घनिष्ठ समन्वय बनाए रखने की आवश्यकता है।एलजी ने कहा कि पुलिस, सेना और बीएसएफ सहित केंद्रीय बलों को जम्मू-कश्मीर की धरती से आतंकवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए सामूहिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि बीएसएफ सर्वश्रेष्ठ केंद्रीय बलों में से एक है, लेकिन इसे और आगे बढ़ने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि ड्रोन चुनौतियों का सामना करने के लिए बीएसएफ को तकनीकी क्षमताओं को उन्नत करने की आवश्यकता है।



शनिवार को गुवाहाटी में गणेश मंदर हाई स्कूल की स्वर्ण जयंती के दौरान सांस्कृतिक रैली निकालते छात्र।

# महाराष्ट्र : भाजपा-कांग्रेस ने किए उम्मीदवार घोषित

● नई दिल्ली,

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिये प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें 22 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी की गयी सूची के मुताबिक पार्टी ने लातूर ग्रामीण विधानसभा सीट पर श्री रमेश कराड को उम्मीदवार बनया है। गौरतलब है कि यहां पर कांग्रेस ने दिग्गज नेता विलासराव देशमुख के पुत्र धीरज विलासराव देशमुख को मैदान में उतारा है। इस तरह से अब यहां पर लड़ाई श्री कराड और श्री देशमुख के बीच देखने को मिलेगी। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने इससे पहले अपनी पहली सूची में 99 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया था। इस तरह से पार्टी अब तक 121 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर सूची जारी की



है। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिये 20 नवंबर को मतदान होगा।

वहीं कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को 23 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए इन उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने भुसावल से डॉ राजेश तुकाराम मनवालकर, जलगांव जम्मू से डॉक्टर श्रीमती स्वाति संदीप वाकेकर, अकोट से महेश गंगाने, वर्धा से शेखर प्रमोद बाबू शेंडे, सावनर से श्रीमती अनुजा सुनील केदार, नागपुर दक्षिण से गिरीश कृष्णराव पांडव, कामठी से सुरेश यादवराव भुहेर, भंडारा (सु) से श्रीमती पूजा गणेश थावकर, अर्जुनीमोरगांव (सु) से दिलीप वामन बनसोड, आमगांव (एसटी) से राजकुमार लोटूजी पुरम, रालेगांव से प्रोफेसर वसंत चिडुजी पूरके, यवतमाल से अनिल बालासाहेब शंकरराव मांगुलकर, अरनी एसटी से जितेंद्र शिवाजीराव मोघे, उमरखेड सु से साहेबराव दत्ताराव कांबले, जलना से कैलाश किशनराव गोरतांत्याल, औरंगाबाद पूर्व से मधुकर कृष्ण राव देशमुख, बसई से विजय गोविंद पाटील, खंडीवली पूर्व से कालू बधेलिया, चारकोप से यशवंतराव जयप्रकाश सिंह सिओम, कोलीवाड़ा से गणेश कुमार यादव, श्रीरामपुर सुरक्षित से हेमंत ओगाले, निलंगा से अभय कुमार सतीश कुमार सालुंके, सिरोल से गणपतराव अप्पाराव पाटिल को चुनाव मैदान में उतारा है।

# ईरान की सेना ने गाजा और लेबनान में संघर्षविराम का सुझाव दिया

ईरान।
-----------------

की सेना ने शनिवार रात एक बयान जारी किया जिसमें गाजा पट्टी और लेबनान में संघर्षविराम का सुझाव दिया गया। इस संबंध में ईरानी सेना की ओर से जारी बयान में कहा गया कि उसे इजराइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार है, लेकिन बयान से ऐसे संकेत मिलते हैं कि तेहरान शनिवार तड़के हुए इजराइल के हमले के बाद तनाव को और बढ़ने से रोकने का रास्ता तलाशने की कोशिश कर रहा है। ईरान की सेना ने कहा कि इजराइल ने हमलों में इराकी हवाई क्षेत्र से तथाकथित स्टैंड-



ऑफ मिसाइलों का इस्तेमाल किया और ईरान के तीन प्रांतों में लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए ये हथियार बहुत हल्के थे। बयान में कहा गया कि ईरानी सैन्य राडार स्थल क्षतिग्रस्त हुए हैं, लेकिन कुछ की मरम्मत पहले से ही जारी थी।

# विश्व कल्याण के लिए भी जरूरी है हिंदू समाज की एकता

हिंदू समाज की एकता की बात कोई नई नहीं है। हालांकि सेकुलरवादी राजनीति अक्सर हिंदू एकता के विचार को कट्टरतावाद से जोड़कर इसे अप्रासंगिक और हिंदुत्व की कल्याणकारी वैचारिकी से इतर रखने की कोशिश करती रही है। भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में जब तक इस वैचारिकी का प्रभुत्व रहा, तब तक सेकुलरवादी सोच हिंदू एकता के विचार को कट्टरता के खांचे में बांधने में सफल रहे। उसी का असर है कि आज भी चुनावों के मौके पर जब भी मुस्लिम वोट बैंक का विचार आता है, तो मोटे तौर पर यही राय स्थापित होती है कि मुस्लिम समाज में आपसी वैमनस्य नहीं है, बल्कि वह एक है। हाल के वर्षों में विशेषकर कथित कट्टर हिंदुत्व के विरोध में जिस तरह इस्लामी समूहों और व्यक्तियों के विचार और कर्म सामने आए हैं, उससे यही साबित होता है कि हिंदू एकता के बरक्स मुस्लिम एकता कहीं ज्यादा प्रभावी है।


उमेश चतुर्वेदी

हिंदू एकता की बात इन दिनों फिर से सामाजिक और राजनीतिक वैचारिकी के केंद्र में है। इसकी शुरूआत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के एक बयान से हुई। जिसमें उन्होंने हिंदू समाज से कहा कि अगर बंटोगे तो कटोगे। बीते पांच अगस्त को बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार के खिलाफ जो विद्रोह हुआ, वह शेख हसीना और उनकी अवामी लीग पार्टी का प्रत्यक्ष विरोध भले ही नजर आ रहा हो, लेकिन अंदरूनी सोच के लिहाज से देखें तो वह इस्लामिक राज व्यवस्था की स्थापना की दिशा में मुस्लिम एकता के साथ गैर इस्लामिक ताकतों का समूल नाश के उद्देश्य को समेटे रहा। इसका फौरन असर भी वहां दिखा। इस्लामिक वैचारिकी और प्रभुत्ववादी नई व्यवस्था में बांग्लादेश अल्पसंख्यक हिंदू उत्पीड़न की राह पर आगे बढ़ चला। देशभर में वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले और अत्याचार बढ़े। इसका प्रतिकार सरकारी तंत्र पर हो भी नहीं पाया। क्योंकि हसीना सरकार के बगावत के दौरान पूरे देश में एक तरह से पुलिस व्यवस्था भी ध्वस्त हो गई थी। ऐसे में अल्पसंख्यकों का बचाव हुआ भी तो सिर्फ इस वजह से कि वे गोलबंद हो गए। उन्होंने सामूहिक एकता का प्रदर्शन करते हुए आवाज उठाई। अपने जातीय खांचे से उपर उठकर सिर्फ हिंदू इकाई के तौर पर उन्होंने अपनी आवाज बुलंद की। जिस समय बांग्लादेश में यह सब हो रहा था, ठीक उन्हीं दिनों 23 अगस्त के दिन उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की पुण्य तिथि के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ ने कहा, हमें हिंदू एकता के महत्व को समझना पड़ेगा। हिंदू एक जाति नहीं है, कोई मजहब नहीं है। ये भारत की सुरक्षा की गारंटी है। योगी आदित्यनाथ यहीं पर नहीं रूके, उन्होंने आगे कहा, जब तक भारत का मूल्य सनातन हिंदू समाज मजबूत है, भारत की एकता और अखंडता को दुनिया की कोई ताकत चुनौती नहीं दे सकती। हमें हिंदू एकता के महत्व को समझने की जरूरत है... हिंदू कोई जाति, संप्रदाय या धर्म नहीं है। यह भारत की सुरक्षा की गारंटी है। अगर यह एकता खंडित होती है, तो भारत को विभाजित करने के उद्देश्य से विदेशी साजिशों को बल मिलेगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि ये साजिशें सफल न हों।

हिंदू समाज की एकता की राह में उसके जातीय विभाजन को बड़ी बाधा माना जाता है। वैसे सनातन समाज में जाति की बजाय वर्ण व्यवस्था की कल्पना की गई थी। उसका मकसद समाज के सामूहिक उद्देश्य को बचाए और बनाए रखना था। वर्ण व्यवस्था हिंदू समाज के सर्वांगीण विकास और पालन की व्यवस्था थी। जो कालांतर में रूढ़ होती चली। जरूरत इस रूढ़ता को खत्म करने की थी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। रूढ़ता को समाप्त करने का झंडा उठा लेकर जब से राजनीति ने सामाजिक व्यवस्था के कथित बदलाव का ठेका लिया है, भारत का हिंदू समाज पूरी अंदर खाने में और भी कहीं ज्यादा विच्छेदित और विभाजित होता चला गया है। इसकी ही वजह है कि हमारे देश में अब भी बाहरी ताकतें हस्तक्षेप करने की कोशिश करती रहती हैं। भारत के हिंदू समाज को सर्वोच्च न्यायालय भी अपने तरीके से परिभाषित कर चुका है। सर्वोच्च न्यायालय हिंदुत्व को धर्म की बजाय जीवन शैली बता चुका है। इसी जीवन शैली और सोच का ही नतीजा है कि जानकार भारतीय समाज व्यवस्था को बुनियादी रूप से पंथ निरपेक्ष बताते रहे हैं। वैसे हिंदू समाज भी खुद में पंथ निरपेक्ष ही है। यहां नास्तिक भी चल सकता है और आस्तिक भी। अपने-अपने विशेष इष्ट देवताओं की आराधना और अर्चना करते हुए भी वह एक है और हिंदू समाज का अंग है। उसके विवाह, मृतक आदि संस्कारों में विविधता है, लेकिन इसके बावजूद उसकी सोच में एकता है। जब हिंदुत्व की एकता की बात की जाती है तो असल में उसकी सांस्कृतिक एकता की बात की जाती है। जो जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी यानी जननी और जन्मभूमि को स्वर्ग से भी बेहतर मानने वाली विचारधारा की पोषक है। भारतीय संविधान में हिंदू शब्द को अनुच्छेद 25(2)(बी) के तहत परिभाषित किया गया है। इसके मुताबिक, हिंदुओं का अर्थ सिख, जैन या बौद्ध धर्म को मानने वाले व्यक्तियों के संदर्भ में लगाया जाएगा, और हिंदू धार्मिक संस्थानों के संदर्भ को तदनुसार लगाया जाएगा। इसी अनुच्छेद के तहत विभिन्न संहिताबद्ध हिंदू कानूनों जैसे हिंदू विवाह अधिनियम 1955, हिंदू दत्तक ग्रहण और रख-रखाव अधिनियम 1956, हिंदू अल्पसंख्यक और संरक्षण अधिनियम 1956 और हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 को भी लागू किया जाएगा।

संविधान में हिंदू शब्द को लेकर कुछ अन्य परिभाषाएं भी दी गई हैं, जो पंथ के आधार पर कोई विभाजन स्वीकार नहीं करतीं। इसी संदर्भ संविधान कहता है कि जो भी व्यक्ति किसी भी रूप या विकास में धर्म से हिंदू है, जिसमें वीरशैव, लिंगायत या ब्रह्मो, प्रार्थना या आर्य समाज का अनुयायी शामिल है; वह हिंदू है। संविधान आगे कहता है कि कोई भी व्यक्ति जो धर्म से बौद्ध, जैन या सिख है, और विभिन्न हिंदू अधिनियमों के अंतर्गत आने वाले राज्य क्षेत्रों में निवास करने वाला धर्म से मुसलमान, ईसाई, पारसी या यहूदी नहीं है, और जब तक यह साबित न हो जाए कि अधिनियम पारित नहीं होने की स्थिति में हिंदू कानून या उसके किसी भाग के रूप में किसी प्रथा या प्रथा द्वारा शासित नहीं होता, वह हिंदू है।

इस संवैधानिक लिहाज से देखें तो बौद्ध, जैन, सिख आदि भी भारत के हिंदू ही हैं। वैसे भले ही पंथ के रूप में इनका अलग से विस्तार हुआ या स्थापना हुई। लेकिन यह भी सच है कि वक्त-वक्त पर हिंदू समाज की तात्कालिक कुछ कुरीतियों और विरोधी हमलों से बचाने के लिए इन पंथों की स्थापना हुई। इन संदर्भों में हिंदू समाज की एकता की जब भी बात होती है तो इसका मतलब सिर्फ हिंदू समाज की जातीय एकता की ही बात नहीं होती, बल्कि इन पंथों की सम्मिलन की भी बात होती है।

अब सवाल उठता है कि योगी आदित्यनाथ समेत भारतीय मनीषी जिस हिंदू एकता की बात करते हैं, उसकी जरूरत क्या है और वह किस तरह से भारत के लिए लाभकारी साबित होगी। इस पर भी विचार की जरूरत है और इसे हिंदू समाज के व्यापक हित में प्रचारित भी किए जाने की आवश्यकता है। शायद ही किसी को एतराज हो कि अगर हिन्दू एकता संभव होती है तो इससे भारत की आत्मा जाग्रत होगी। इससे भारत का स्वाभिमान भी जागृत होगा। भारत की ताकत उसकी आध्यात्मिकता और ऋषि प्रदत्त ज्ञान है। जिसे पश्चिम का आधुनिक समाज भी स्वीकार कर रहा है। हिंदू एकता से इन तत्वों की भी वापसी होगी। विश्व हिंदू परिषद का आकलन है कि इसके परिणामस्वरूप देश से भ्रष्टाचार और अनैतिकता दूर होने के रास्ते खुलेंगे। भारत पुनः जगद्गुरू के रूप में विश्व का मार्गदर्शक बनेगा। हमारे शत्रु भी हमसे मित्रता करने के लिए हाथ बढ़ायेंगे।विचारक मानते हैं कि हिन्दू एकता के अभाव के ही चलते देश में जिहादी आतंकवाद, अवैध घुसपैठ, हिन्दुओं का धर्मान्तरण, गोहत्या, मठ-मंदिरों का सरकारी अधिग्रहण और उनकी संपत्तियों की लूट, हिन्दू संतों और देवताओं का अपमान, नारियों पर अत्याचार-बलात्कार, हिन्दुओं के साथ अंधाधुंध भेदभाव, अन्याय, अत्यन्त सहनशील हिन्दू समाज और महान् हिन्दू धर्म को नष्ट करने के षड्यंत्र तेजी से बढ़े। हिन्दू एकता से ये बुराइयाँ खत्म होने लगेंगी। हिन्दू एकता का सबसे अधिक लाभ समाज की दौड़ में पिछड़े रह गए लोगों, गरीबों और बेरोजगार नवयुवकों को मिलेगा। हिन्दू एकता से ही विश्वशान्ति, विश्वसमृध्दि, विश्वसमन्वय और विश्वएकता संभव होगी। हिन्दू एकता का किसी से विरोध नहीं है। हिंदुत्व अपने स्वभाव से अजातशत्रु है। वह किसी का विरोध नहीं करता। हिन्दू समाज तो वसुधैव कुटुंबकम् की अवधारणा में भरोसा करता है। वह तो प्राणी मात्र के कल्याण की कामना करता है। विश्व के कल्याण की बात करता है। अगर हिंदुत्व को गुणों को सिर्फ समूचा हिंदू समाज ही नहीं, विश्व अपना ले तो विश्व की आधी समस्याएं खत्म हो जाएंगी। फिजूल की लड़ाइयों का कोई मतलब नहीं रहेगा। हिंदू समाज को स्वयं के लिए ही नहीं, वैश्विक भलाई के लिए भी एकता की ओर आगे बढ़ना होगा।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तंभकार हैं)**

# जामिया का अल्पसंख्यक दर्जा और दलित विरोधी परिणाम

जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में सफाई कर्मचारियों को वाल्मीकि जयंती मनाने के लिए परिसर में प्रवेश से रोके जाने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना कई दिनों से चर्चा में है। जामिया के सफाई कर्मचारियों का कहना था कि पिछले छह वर्षों से यह कार्यक्रम परिसर में आयोजित होता आ रहा है और इस बार भी उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन और दिल्ली पुलिस से इसकी अनुमति ली थी। हालांकि, जब वे महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा लेकर विश्वविद्यालय में प्रवेश करने लगे तो गार्ड ने, यह कहते हुए उन्हें रोक दिया कि मूर्ति को परिसर में ले जाने की अनुमति नहीं है। इससे पहले भी विश्वविद्यालय में छात्रों को दीवाली मनाने से रोक दिया गया था, जिसके बाद पुलिस ने विरोध कर रहे छात्रों को हिरासत में लिया था। जामिया मिलिया इस्लामिया में एससी-एसटी समाज के साथ भेदभाव और अपमान का मामला चिंताजनक है, और यह समस्या कोई नई नहीं है। हाल ही में विश्वविद्यालय के सफाई कर्मचारियों को वाल्मीकि जयंती मनाने से रोके जाने के विवाद ने फिर से संस्थान में व्याप्त सामाजिक असमानता को उजागर कर दिया है। इससे पहले भी विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों पर दलित समुदाय के कर्मचारियों के साथ जातिगत दुर्व्यवहार के गंभीर आरोप लगे हैं।


शाहीन सबा

समाचारपत्रों के अनुसार जुलाई 2024 में, जामिया के तत्कालीन रजिस्ट्रार नाजिम हुसैन अल जाफरी ने एक बैठक के दौरान सहायक कर्मचारी रामनिवास से कथित तौर पर जातिसूचक टिप्पणियाँ करते हुए कहा कि तुम निचली जाति के हो, भंगी हो, और तुम्हें ऐसे ही रहना चाहिए। यही नहीं, उन पर इस्लाम में धर्मांतरण का दबाव बनाने का भी आरोप लगाया गया। उनके अनुसार, जाफरी ने उनसे कहा, ईमान ले आओ, सब ठीक कर दूँगा। तेरे बच्चों का भी करियर बना दूंगा, और हिंदू धर्म को पाखंडी करार दिया। ये आरोप न केवल गंभीर हैं, बल्कि इनसे यह भी स्पष्ट होता है कि एक शैक्षणिक संस्थान में भी जातिगत भेदभाव और धार्मिक दबाव जैसी समस्याएँ गहरी जड़ें जमा चुकी हैं। इसी प्रकार, जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यरत हरेंद्र कुमार ने भी अपनी जाति के कारण बार-बार अपमानित और प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाया। उन्हें 2018 में नौकरी से निकाल दिया गया, जो कि संस्थान में दलित समुदाय के प्रति दमनकारी रवैये को दर्शाता है। जामिया मिलिया इस्लामिया जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में बार-बार दलित कर्मचारियों के प्रति ऐसा व्यवहार न केवल उनके अधिकारों का हनन है, बल्कि यह भारत के संविधान में दिए गए समता और सम्मान के सिद्धांतों का भी उल्लंघन है। ऐसे मामलों पर उचित कार्रवाई और इस मुद्दे पर खुली चर्चा आवश्यक है ताकि शिक्षा संस्थानों में सभी जाति और धर्म के लोगों को समान अधिकार और सम्मान मिल सके।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय की स्थापना 1920 में हुई और यह संस्थान 1988 के अधिनियम के तहत एक केंद्रीय विश्वविद्यालय बना, जिसके तहत इसे जाति, धर्म या लिंग के आधार पर भेदभाव के बिना सभी के लिए खुला रहना था। जामिया मिलिया इस्लामिया अधिनियम, 1988 का धारा 7 स्पष्ट रूप से कहता है कि विश्वविद्यालय में किसी भी धार्मिक या जातिगत मान्यता को प्रवेश या रोजगार के लिए मापदंड नहीं बनाया जाएगा। परन्तु 2005 में कांग्रेस की सरकार में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग (NCMEI) अधिनियम का लागू होना भारतीय शैक्षणिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। इस अधिनियम ने अल्पसंख्यक समुदायों को उनके शैक्षणिक संस्थानों पर स्वायत्तता की संवैधानिक गारंटी को मजबूत किया, जैसा कि संविधान के अनुच्छेद 30(1) में प्रावधान है। इसी के तहत जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा पाने की प्रक्रिया शुरू की, और 2006 में जामिया छात्र संघ, पूर्व छात्रों के संघ और शिक्षकों के संघ ने संस्थान के अल्पसंख्यक दर्जे के लिए एक याचिका दायर की।

2011 में कांग्रेस सरकार ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया को अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा देने का एक ऐतिहासिक और विवादास्पद निर्णय लिया, जो भारत में एक अभूतपूर्व मामला था क्योंकि इससे पहले किसी भी केंद्रीय विश्वविद्यालय को ऐसा दर्जा नहीं मिला था। यह निर्णय दलित और पिछड़े वर्गों के लिए एक बड़े झटके के रूप में देखा गया, क्योंकि इससे वे आरक्षण के उस अधिकार से वंचित हो गए जो उनकी उच्च शिक्षा और रोजगार में पहुंच को सुनिश्चित करता था। NCMEI ने 2011 में इस फैसले को औपचारिक रूप से लागू किया, जिसके तहत जामिया मिल्लिया इस्लामिया को अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षण न देने और 50 प्रतिशत सीटें मुस्लिम छात्रों के लिए आरक्षित करने की अनुमति मिल गई। यह निर्णय जहां अल्पसंख्यक समुदायों को उनके शैक्षणिक संस्थानों पर स्वायत्तता और अधिकार प्रदान करने की दृष्टि से सशक्त था, वहीं इसने शैक्षिक क्षेत्र में कई सवालों और विवादों को भी जन्म दिया। NCMEI का यह कदम शिक्षा में अल्पसंख्यक समुदायों को सशक्त करने के उद्देश्य को पूरा करता है, लेकिन इसका एक दूसरा पहलू भी है। अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए अवसर सीमित होने से भारतीय समाज में शैक्षणिक समानता और समावेशिता के क्षेत्र में असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो गई। यह मामला भारतीय शिक्षा नीति के समक्ष एक गंभीर चुनौती प्रस्तुत करता है। क्या अल्पसंख्यक संस्थानों की स्वायत्तता और आरक्षण नीति के बीच कोई संतुलन संभव है? क्या भारत एक ऐसा मॉडल अपना सकता है जिसमें अल्पसंख्यकों की सांस्कृतिक और शैक्षणिक आवश्यकताओं के साथ समाज के हर वर्ग के लिए समान अवसर सुनिश्चित किए जा सकें? अल्पसंख्यक दर्जा प्राप्त होने के कारण केंद्र सरकार इस नीति में हस्तक्षेप करने में असमर्थ प्रतीत होती है। जामिया का यह स्वतंत्र दर्जा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 30 के अंतर्गत अल्पसंख्यक संस्थानों को दी गई स्वायत्तता पर आधारित है, जो उन्हें अपने शैक्षणिक और प्रशासनिक फैसले स्वयं लेने का अधिकार देता है। इसलिए, सरकार के लिए कानूनी या संवैधानिक तौर पर सीधे हस्तक्षेप करना संभव नहीं है, जिससे संस्थान की नीतियों पर प्रश्न उठने के बावजूद केंद्र सरकार के हाथ बंधे हुए दिखते हैं।

यदि जामिया मिलिया इस्लामिया में 22.5 प्रतिशत अनुसूचित जाति और जनजाति तथा 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू होता, तो इससे इन समुदायों के छात्रों को बेहतर अवसर मिलते और वे विश्वविद्यालय में अधिक सक्रिय भूमिका निभा पाते। इससे महर्षि वाल्मीकि और बाबा साहेब अंबेडकर जैसी महान विभूतियों की जयंती बड़े पैमाने पर मनाने का अवसर मिलता, जिससे छात्रों में सांस्कृतिक जागरूकता और एकता बढ़ती। बाबा साहब आंबेडकर सभी के है और सभी को इनका सम्मान करना चाहिए। वर्तमान घटना में, लोग इन आयोजनों को विश्वविद्यालय परिसर के बाहर मनाने को मजबूर हुए, जिससे उनकी पहचान और सांस्कृतिक जुड़ाव कमजोर होता है। आरक्षण के माध्यम से, छात्रों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को मनाने और एक समर्थ समुदाय का हिस्सा बनने का अनुभव मिल सकता था, जिससे समावेशिता और विविधता को बढ़ावा मिलता। इस प्रकार, आरक्षण की अनुपस्थिति से छात्रों का सांस्कृतिक जुड़ाव कमजोर हो रहा है।

आजकल समाज के हर वर्ग को न्याय दिलाने के लिए राहुल गांधी जाति आधारित जनगणना की मांग कर रहे हैं। लेकिन यह सवाल उठता है कि यदि कांग्रेस को सही में सामाजिक न्याय की चिंता होती, तो 2011 में जामिया मिल्लिया इस्लामिया को अल्पसंख्यक दर्जा देकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के अधिकार क्यों छीन लिए गए? यह निर्णय केवल एक विशेष समुदाय को लाभ पहुंचाने के लिए लिया गया, जबकि आरक्षण से वंचित दलित और पिछड़े समुदायों के अधिकारों को पूरी तरह अनदेखा कर दिया गया। क्या यह कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति का हिस्सा नहीं था, जिसमें एक केंद्रीय विश्वविद्यालय की सुविधाएं केवल एक समुदाय के लिए आरक्षित कर दी गईं, जबकि समानता के संवैधानिक अधिकारों की उपेक्षा की गई? यदि राहुल गांधी वास्तव में दलितों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा करने के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो उन्हें जामिया के मुद्दे पर खुलकर बोलना चाहिए और इसे संसद में उठाना चाहिए। इस मामले में कांग्रेस की निष्क्रियता और राहुल गांधी की चुप्पी सवाल खड़े करती है। क्या कांग्रेस और उनके नेता केवल राजनीतिक लाभ के लिए सामाजिक न्याय की बात कर रहे हैं, या वे वास्तव में सभी समुदायों के लिए समान अधिकारों की स्थापना के प्रति गंभीर हैं? यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि राहुल गांधी इस मामले में एक सच्चे सामाजिक न्याय के पैरोकार बनते हैं या वे केवल एक राजनीतिक बयानबाज बनकर रह जाएंगे।

ज्योतिर्विद
* ब्रजेन्द्र श्रीवास्तव

# साप्ताहिक ज्योतिष पत्रिका

## रविवार 27 अक्टूबर से शनिवार 02 नवम्बर 2024 तक

**व्रत उत्सव**

विक्रम सम्वत 2081 कालयुक्त नाम सम्वतसर कलियुग सम्वत-5125, रविवार 27 अक्टूबर कार्तिक कृष्ण एकादशी से शनिवार 2 नवम्बर कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि तक। **सोमवार 28 अक्टूबर**: रमा एकादशी स्मार्त निम्बार्क सभी वैष्णवों की। आज ही गौ-वरस द्वादश गाय-बछड़ों, बैलों का शृंगार एवं पूजन। **मंगलवार 29 अक्टूबर**: भगवान धन्वन्तरि जयंती, स्वास्थ्य उपयोगी औषधि का संग्रह करें। यम दीपदान दक्षिण दिशा में शाम को। **बुधवार 30 अक्टूबर**: श्री हनुमान जयंती। कृष्ण 14 तिथि में मासिक शिवरात्रि व्रत। **गुरुवार 31 अक्टूबर**: आज चतुर्दशी तिथि दोपहर बाद 3.51 बजे तक है फिर अमावस्या है आज ही प्रदोष काल में अमावस्या उपलब्ध है इसलिए आज ही नरक चतुर्दशी तथा श्री महालक्ष्मी पूजन, दीपावली पर्व सम्पन्न करें। आज ही सूर्यास्त बाद (स्थानीय समय में कुछ अंतर) 5.35 बजे के बाद से 48 मिनिट के प्रदोषकाल में श्री महालक्ष्मी पूजन। सूर्यास्त से मध्य रात्रि तक अमावस्या है इसलिए इस सम्पूर्ण समय में पूजन सम्पन्न कर सकते हैं। मध्यरात्रि में दरिद्रता निस्सारण सम्पन्न करें। भविष्य पुराण, पदम पुराण, आदित्य पुराण, मत दीपान दत्वा प्रदोषे लक्ष्मी पूज्यं यथा विधि। ब्रह्मपुराण अनुसार कार्तिकी अमावस्या को लक्ष्मी महारानी- गृहस्थों के भवनों में विचरण करती हैं इसलिए इस समय दरिद्रता निस्सारण की प्रथा है यह 31 अक्टूबर की रात्रि में ही संभव है। स्कन्द और भविस्योत्तर में स्पष्ट किया है कि सुबह अमावस्या के बाद पड़वा हो तो ऐसी पड़वा से जुड़ी अमावस्या व पड़वा में पूजन वर्जित है। पूजन समय अमावस्या का सामान्य नियम है। **शुक्रवार 1 नवम्बर**: कार्तिक अमावस्या तिथि शाम 6.16 तक फिर प्रतिपदा तिथि। आज स्नानदान की अमावस्या है। **शनिवार 2 नवम्बर**: कार्तिक शुक्लपक्ष प्रतिपदा तिथि रात्रि 20.21 बजे तक। आज श्री गोवर्धन पूजा अन्नकूट। **अगले सप्ताह**: रविवार 3 नवम्बर को कार्तिक शुक्ल द्वितीया भाई दूज का त्यौहार।

**आकाश दर्शन और मौसम**

**गुरु ग्रह**: रात सवा आठ बजे से पूरब में सुबह के समय पश्चिम में देखें। **शनि ग्रह**: सूर्यास्त समय दक्षिण-पूरब में। रात्रि 2 बजे पश्चिम में अस्त। **शुक्र ग्रह**: सूर्यास्त बाद पौने आठ बजे तक पश्चिम में देखें। **मंगल ग्रह**: रात 11 बजे पूरब में उदित सुबह के समय दक्षिण में देखें। **मौसम**- दिन और रात के तापमान में अंतर बढ़ेगा तथा घट-बढ़ भी होगा। सप्ताह मध्य मेघ संचार या छुटपुट वर्षा सम्भावित है।

**व्यापार भविष्य**

स्वर्ण तथा स्वर्ण रजत एवं आभूषणों में सामान्य तेजी का तथा शेयर मार्केट में भी जनरल तेजी का ग्रह योग है।

**मेष**- आपको अपने कामकाज के क्षेत्र के अनुसार आरंभिक बाधाओं के बाद अच्छी सफलता अपने विशेष उद्देश्य में प्राप्त होगी। इससे आपके परिश्रम और बुद्धि कौशल की प्रशंसा होगी। कार्य क्षेत्र के विस्तार का इरादा भी सफल होगा। छुपे विरोधी या मातहत व्यक्ति से कुछ असुविधा सप्ताह मध्य बुधवार के लगभग संभावित है। कार्य क्षेत्र में किसी कुशल व्यक्ति का अथवा प्रभावशाली व्यक्ति का अच्छा सहयोग प्राप्त होगा। इससे आपको अपने कारोबार को बढ़ाने में और नए व्यापारिक लेने देन तय करने में मदद मिलेगी। भाई बंधुओं की उन्नति के समाचार मिल सकते हैं। रविवार मंगलवार किंचित तनाव या परेशानी कारक रह सकते हैं। जबकि सोमवार बुधवार और शुक्रवार कार्य सिद्धि व्यापार लाभ की दृष्टि से उत्तम दिन रहेंगे।

**वृष**- सप्ताह के आरंभ में पारिवारिक व्यस्तता बढ़ सकती है स्थाई संपत्ति के रखरखाव पर भी पर्याप्त खर्च है हो सकता है।सप्ताह मध्य आप जिन क्षेत्रों से आप अपेक्षा कर रहे हैं वहां से उतनी मदद मिलने की संभावना कम रहेगी। सप्ताह के आखिर में आपको आर्थिक मामलों में अच्छा लाभ हो सकता है। आपके कार्य कौशल की तारीफ होगी। आप किसी बड़ी जिम्मेदारी को सफलता पूर्वक निभा पाने के कारण संतोष का अनुभव करेंगे। सोमवार बुधवार गुरु शनिवार सप्ताह के उत्तम और प्रसन्नता तथा लाभदायक दिन रहेंगे आखिर में कुछ परोपकारी कार्य भी हो सकते हैं।

**मिथुन**- सप्ताह के शुरू में निर्धारित कार्यों में तथा यात्रा और संपर्क कार्य में विलंब हो सकता है। आपके पुराने कुछ बड़े कार्य इस सप्ताह सफलतापूर्वक निपट जाएंगे। मंगल बुधवार के लगभग पारिवारिक क्षेत्र में तनाव उभर कर दूर होंगे। स्थाई संपत्ति के कार्यों पर पर्याप्त खर्च हो सकता है। सप्ताह के आखिर में बहुमूल्य वस्तुओं की खरीद होने का तथा संबंधीजनों से भेंट मुलाकात होने का ग्रह योग प्रबल है। व्यापारिक लाभ की दृष्टि से लगभग पूरा सप्ताह ही लाभ साख बढ़ाने वाला रहेगा। पारिवारिक समाजिक दृष्टि से भी सप्ताह अनुकूल है।

**कर्क**- सप्ताह के आरंभ में कार्यभार की अधिकता और मौसम के कारण कुछ अस्वस्थ होने का ग्रह संकेत है सप्ताह मध्य लघु यात्रा होने का तथा व्यावसायिक संपर्क बढ़ने की संभावना है। आपकी किसी नई योजना में मंगलवार के आसपास कुछ अस्थाई विलंब हो सकता है जो शीघ्र दूर भी हो जाएगा तथा सुख साधनों में वृद्धि होने का योग सप्ताह मध्य सप्ताह के दौरान घटित हो सकता है। रविवार गुरु शुक्र शनिवार लाभ और प्रसन्नता की दृष्टि से उत्तम दिन रहेंगे।

**सिंह**- इस सप्ताह लघु यात्राएं होने का तथा संपर्क क्षेत्र बढ़ने का ग्रह योग प्रबल है। व्यावसायिक क्षेत्र में आपका यश सम्मान विशेष रूप से बढ़ेगा। सप्ताह के शुरू में शारीरिक मानसिक दबाव अधिक रह सकता है इसलिए आप योजना बनाकर कार्य करें। सप्ताह मध्य दूसरों के कारण अपव्यय होने का अथवा कहासुनी होने का ग्रह योग है। सप्ताह के आखिर में प्रसन्नता के नए प्रसंग होने का अच्छी खबर मिलने का तथा कार्य क्षेत्र में नए कारोबारी कॉन्ट्रैक्ट होने का ग्रह संकेत भी प्रबल है। रविवार मंगलवार कुछ उलझन के रह सकते हैं जबकि सप्ताह के शेष दिन अधिकतर कार्य सिद्धि व्यापार लाभ प्रसन्नता और सफलता के दिन रहेंगे।

**कन्या**- आपका संपर्क क्षेत्र इस सप्ताह बढ़ेगा तथा किसी रचनात्मक कार्य की भूमिका बनने का ग्रह संकेत भी है। व्यावसायिक क्षेत्र में आप कोई नई तकनीक अपनाना चाहेंगे,इसके लिए आपको विशेषज्ञ परामर्श और साधन उपलब्ध हो सकेंगे। सप्ताह के शुरू में विलंब होने का तथा थकावट अस्वस्थता होने का संकेत है। सप्ताह मध्य आप संशय और अनिश्चय की स्थिति में रहेंगे इससे कामकाज में कुछ विलंब हो सकता है सप्ताह के आखिर में घर परिवार में शुभ प्रसंग होने का तथा व्यापार रोजगार में आमदनी बढ़ाने का अच्छा ग्रह योग है। रविवार सोमवार के अलावा सप्ताह के शेष दिन अधिकतर लाभदायक और कामकाज में सफलता दायक रहेंगे।

**तुला**- आपको इस सप्ताह अनायास अच्छा लाभ होने का तथा भेंट उपहार मिलने का ग्रह योग है, यह योग अगले सप्ताह भी जारी रहेगा। सप्ताह के शुरू में निर्धारित कार्यों में विलंब हो सकता है। जबकि सप्ताह मध्य खर्च बढ़ सकते हैं और दूसरों की लापरवाही से असुविधा हो सकती है। सप्ताह के आखिर में आपको महत्वपूर्ण उपलब्धियां हो सकती हैं कार्य क्षेत्र में आपका मान सम्मान बढ़ेगा तथा कारोबार की दृष्टि से नए लाभकारी लेनदेन भी हो सकते हैं। मंगल बुधवार के को छोड़कर सप्ताह अधिकतर प्रसन्नता सफलता और व्यापार लाभदायक रहेगा।

**वृश्चिक**- आपकी राशि पर से बुध ग्रह का संचार शुरू हो गया है यह आपको बौद्धिक व्यावसायिक कार्यों में अच्छी उपलब्धि कराएगा। ज्ञानरंजन होने का, नई तकनीक सीखने का और संपर्क बढ़ाने का अवसर आपको इस और आने वाले तीन चार सप्ताह में निरंतर मिलता रहेगा। इस सप्ताह स्थाई संपत्ति की देखभाल पर खरीद पर व्यय हो सकता है। नए सुख साधनों की प्राप्ति का योग भी है। सप्ताह के आखिर में यात्रा होने का तथा सामाजिक पारिवारिक कार्यों में व्यय होने का ग्रह योग है। मंगलवार के अलावा सप्ताह के शेष दिन अधिकतर अनुकूल और लाभदायक रहेंगे।

**धनु**- इस सप्ताह संयोग या भाग्यवश कोई बड़ा काम आसानी से बन सकता है। सप्ताह मध्य कार्य क्षेत्र में इरादों में कुछ रद्दोबदल हो सकते हैं इस दृष्टि से मंगल बुधवार घटना प्रधान रह सकते हैं जो अधिकतर अनुकूल और लाभ दायक रहेंगे। सप्ताह के शुरू में व्यस्तता अधिकतर रह सकती है सप्ताह के आखिर में प्रसन्नता के नए प्रसंग होने का व्यापार रोजगार में लाभ बढ़ाने का और भेंट उपहार का आदान-प्रदान होने का संकेत है।

**मकर**- आपका व्यावसायिक और बौद्धिक क्षेत्र में संपर्क क्षेत्र बढ़ेगा। आपको अपने कार्यों में नए सुझाव मिलेंगे जो आपकी कार्य कुशलता बढ़ाने में सहायक रहेंगे। इस दृष्टि से यह सप्ताह तथा अगले दो सप्ताह उपलब्धि कारक रह सकते हैं। सप्ताह के शुरू में श्रम अधिक होने का संकेत है, पुराने कार्यों को निपटाना पर भी ध्यान अधिक रह सकता है। सप्ताह मध्य उपयोगी चर्चा होने का तथा महत्वपूर्ण संदेश मिलने का और व्यापार क्षेत्र में आकस्मिक लाभ होने का ग्रह योग है। जबकि सप्ताह के आखिर में उपयोगी यात्रा होने का तथा कार्य क्षेत्र की प्रकृति के अनुसार लाभ साख सम्मान बढ़ने का ग्रह योग है।

**कुंभ**- आपको अपने कार्य क्षेत्र में अच्छे सुझाव मिलने का योग है। नई टेक्नोलॉजी के अपनाने से कार्य कुशलता बढ़ेगी और लागत घटेगी। संचार संवाद के नए साधनों की खरीद होने का योग भी है। सप्ताह के शुरू में वरिष्ठजनों की ओर से स्वास्थ्य की चिन्ता रह सकती है। कोई रुका हुआ काम सप्ताह मध्य बनेगा और लेनदारी भी मिलेगी। सोमवार बुधवार गुरुवार शनिवार सप्ताह के उत्तम और लाभकारी दिन रहेंगे।

**मीन**- आपको इस सप्ताह अपने कार्य क्षेत्र का विस्तार करने का अवसर मिलेगा। महत्वपूर्ण विषय पर तकनीकी परामर्श भी आपको उपलब्ध हो सकेगा। इस सप्ताह घर परिवार में शुभ कार्य होने का तथा उपयोगी यात्रा होने का योग भी प्रबल है। सप्ताह के शुरू में मौसम के कारण अस्वस्थता रह सकती है। सप्ताह मध्य संबंधीजनों की ओर से चिंता बढ़ सकती है पर इसका समाधान हो जाएगा। अच्छी खबर भी सप्ताह मध्य मिल सकती है सप्ताह के आखिर में रुके हुए काम बनने का लेनदारी मिलने का योग है। व्यापार लाभ की दृष्टि से लगभग पूरा सप्ताह ही अनुकूल है।



# सेंटनर की फिरकी में उलझा भारत

## दूसरी पारी में झटके छह विकेट, न्यूज़ीलैंड ने भारत को दूसरे टेस्ट में 113 रन से हराया

### सेंटनर में पूरे मैच में झटके 13 विकेट, न्यूज़ीलैंड ने टेस्ट सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाई

● पुणे,

**मिचेल** सेंटनर (104 पर छह विकेट) की घातक गेंदबाजी के चलते न्यूज़ीलैंड ने भारत को दूसरे टेस्ट मैच में शनिवार को 113 रन से हरा कर तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में निर्णायक बढ़त हासिल कर ली है।

क्रिकेट इतिहास में यह पहला मौका है जब कीवी टीम ने भारत के खिलाफ उसके घर में टेस्ट सीरीज को अपने नाम किया है। न्यूज़ीलैंड की इस जीत के नायक मिचेल सेंटनर रहे जिन्होने भारत की पहली पारी में सात और दूसरी पारी में छह विकेट चटका कर अपनी टीम को ऐतिहासिक उपलब्धि दिलाई। महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम की पिच पर सेंटनर भारतीयों के लिए काल बन कर उभरे। पहली पारी में सात विकेट चटका कर अपनी टीम को 103 रन की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाने वाले सेंटनर का खौफ भारतीयों पर सिर चढ़ कर बोला। न्यूज़ीलैंड ने दूसरी पारी में 255 रन बना कर भारत को जीत के लिए 359 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में भारत की पूरी टीम 245 रन बना कर आउट हो गई। न्यूज़ीलैंड ने पहली पारी में 259 रन बनाए थे जिसके जवाब में भारत की पहली पारी 156 रन पर सिमट गई थी। न्यूज़ीलैंड के पांच विकेट चटकाने के बाद भारत पहले सत्र में एक विकेट के नुकसान पर 81 रन बना चुका था और ऐसा प्रतीत हो रहा था कि भारत इस मैच में जीत दर्ज करने की ओर बढ़ सकता है। भारत को सिर्फ एक अच्छे सत्र की जरूरत थी लेकिन दूसरे सत्र में पूरा मैच न्यूज़ीलैंड के पक्ष में झुक गया। न्यूज़ीलैंड ने बेंगलुरु में जीत हासिल कर 36 वर्षों बाद टेस्ट में जीत हासिल की थी और अब पहली सीरीज जीत भी उनके नाम है। न्यूज़ीलैंड की इन दो जीत में केन विलियमसन भी टीम का हिस्सा नहीं थे, श्रीलंका में यह टीम हारकर आई थी। साउदी ने कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था लेकिन टॉम लेथम ने बढ़िया कप्तानी की। पहले मैच में कीवी तेज गेंदबाजों ने बागडोर संभाली जबकि दूसरे मैच में सैंटनर ने अगुवाई की। बल्लेबाजी में कॉन्वे और रचिन रवींद्र के साथ कप्तान टॉम लेथम ने भी योगदान दिया और न्यूज़ीलैंड ने टेस्ट क्रिकेट की सबसे मुश्किल सीरीज में से एक सीरीज अपने नाम कर ली। यहां दिलचस्प है कि जब भारत पिछली बार घर पर टेस्ट सीरीज हारा था तब गंभीर उस टीम का हिस्सा थे और आज गंभीर टीम के मुख्य कोच हैं। इंग्लैंड के खिलाफ मिली उस सीरीज हार में अश्विन और कोहली भी भारतीय टीम का हिस्सा थे। भारत की दूसरी पारी में यशस्वी जयसवाल (77) के अलावा रविंद्र जडेजा (42) ने हार को टालने का भरपूर प्रयास किया। उनके अलावा शुभमन गिल (23),वाशिंगटन सुंदर (21) और रविचंद्रन अश्चिन (18) ही कीवी गेंदबाजों के सामने सहजता से खेल सके। अनुभवी रोहित शर्मा (8) और विराट कोहली (17) लगातार दूसरी पारी में प्रभाव नहीं छोड़ सके। ऋषभ पंत दुर्भाग्यशाली तरीके से रन आउट हुए वहीं पहली टेस्ट में शानदार शतक लगाने वाले सरफराज खान पुणे की पिच पर दूसरी पारी में भी नहीं चले और नौ रन के निजी स्कोर पर सेंटनर का शिकार बने। उन्होने पहली पारी में 11 रन का योगदान दिया था। जसप्रीत बुमराह 10 रन बना कर अविजित रहे।



### स्कोर बोर्ड

न्यूज़ीलैंड पहली पारी : 259 रन

भारत पहली पारी : 156 रन

| न्यूज़ीलैंड दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| टॉम लेथम पगबाधा बो सुंदर | 86 | 133 | 10 | 0 |
| डेवन कॉन्वे पगबाधा बो सुंदर | 17 | 25 | 2 | 0 |
| विल यंग पगबाधा बो अश्विन | 23 | 28 | 2 | 0 |
| रचिन रविंद्र बो सुंदर | 09 | 13 | 1 | 0 |
| मिचेल का जायसवाल बो सुंदर | 18 | 23 | 2 | 0 |
| टॉम ब्लंडेल बो जडेजा | 41 | 83 | 3 | 0 |
| ग्लेन फिलिप्स नाबाद | 48 | 82 | 4 | 2 |
| सैंटनर का बुमरा बो जडेजा | 04 | 16 | 0 | 0 |
| टिम साउदी का शर्मा बो अश्विन | 00 | 3 | 0 | 0 |
| अजाज का सुंदर बो जडेजा | 01 | 12 | 0 | 0 |
| विलियम ओ'रूर्क रन आउट | 00 | 3 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08 रन

कुल : 69.4 ओवर में 255 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन: 1-36, 2-78, 3-89, 4-123, 5- 183, 6-231, 7-237, 8-238, 9-241, 10-255

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| रविचंद्रन अश्विन | 25 | 2 | 97 | 2 |
| वॉशिंगटन सुंदर | 19 | 0 | 56 | 4 |
| रवीन्द्र जडेजा | 19.4 | 3 | 72 | 3 |
| जसप्रीत बुमराह | 6 | 1 | 25 | 0 |

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का मिशेल बो सेंटनर | 77 | 65 | 9 | 3 |
| रोहित का यंग बो सेंटनर | 08 | 16 | 1 | 0 |
| गिल का मिशेल बो सेंटनर | 23 | 31 | 4 | 0 |
| कोहली पगबाधा बो सेंटनर | 17 | 40 | 2 | 0 |
| पंत रन आउट | 00 | 3 | 0 | 0 |
| सुंदर का यंग बो फिलिप्स | 21 | 47 | 2 | 0 |
| सरफराज बो सैंटनर | 09 | 15 | 1 | 0 |
| जडेजा का साउदी बो पटेल | 42 | 84 | 2 | 0 |
| अश्विन का मिशेल बो सेंटनर | 18 | 34 | 2 | 0 |
| आकाश का रवींद्र बो पटेल | 01 | 24 | 0 | 0 |
| बुमराह नाबाद | 10 | 4 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 19 रन

कुल : 60.2 ओवर में 245 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन: 1-34, 2-96, 3-127, 4-127, 5- 147, 6-165, 7-167, 8-206, 9-229, 10-245

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| टिम साउदी | 2 | 0 | 15 | 0 |
| विलियम ओ'रूर्के | 1 | 0 | 5 | 0 |
| मिशेल सैंटनर | 29 | 2 | 104 | 6 |
| अजाज पटेल | 12.2 | 0 | 43 | 2 |
| ग्लेन फिलिप्स | 16 | 0 | 60 | 1 |

## जायसवाल एक हजार रन के विशिष्ट क्लब में शामिल

**पुणे, वार्ता** : यशस्वी जयसवाल एक कैलेंडर वर्ष के भीतर घरेलू टेस्ट मैचों में एक हजार रन का आंकड़ा पार करने वाले नये बल्लेबाज बन गए हैं। न्यूज़ीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट में यशस्वी ने यह उपलब्धि हासिल की है। इसके साथ ही युवा भारतीय बल्लेबाज ने क्रिकेट के कुछ महान खिलाड़ियों के क्लब में अपनी उपस्थिति दर्ज करा ली है। जायसवाल ने 2024 के लिए घरेलू टेस्ट में कुल एक हजार रन बनाए हैं। इससे पहले एक कैलेंडर वर्ष में घरेलू टेस्ट में एक हजार से अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की विशिष्ट सूची में गुंडप्पा विश्वनाथ,सुनील गावस्कर जैसे दिग्गज शामिल हैं। गुंडप्पा विश्वनाथ ने 1979 में भारत के लिए 1,047 रन बनाकर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला था। उसी वर्ष, सुनील गावस्कर ने भी 1,013 रन बनाकर एक अमिट छाप छोड़ भारतीय क्रिकेट में अपनी विरासत को स्थापित किया था। इंग्लैंड के ग्राहम गूच के लिए 1990 का वर्ष असाधारण रहा, उन्होंने घरेलू टेस्ट मैचों में उल्लेखनीय 1,058 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के जस्टिन लैंगर ने 2004 में 1,012 रन बनाकर अपनी निरंतरता का प्रदर्शन किया। इस बीच, मोहम्मद यूसुफ ने 2006 में पाकिस्तान के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और 1,126 रन के असाधारण स्कोर तक पहुंचे।

## घर में लगातार 10 सीरीज जीतने के बाद हारा भारत

**पुणे, वार्ता**: न्यूज़ीलैंड की टीम ने पुणे टेस्ट जीतकर इतिहास रच दिया है। कीवी टीम ने भारत के खिलाफ इस जीत से तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है। यानी कि एक मैच बाकी रहते ही सीरीज पर कब्जा कर लिया है। न्यूज़ीलैंड की टीम पहली बार भारत में टेस्ट सीरीज जीती है। न्यूज़ीलैंड की टीम भारत दौरे पर 1955 से आ रही है लेकिन अब तक टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी थी। वहीं, भारत की घर में 12 साल में पहली टेस्ट सीरीज हार भी है। भारत अपने घर में आखिरी टेस्ट सीरीज 2012 में हारा था। आखिरी बार 2012 में घरेलू सीरीज हारी थी टीम इंडिया भारतीय टीम पिछले 12 साल से घर में कोई टेस्?ट सीरीज नहीं हारी थी। आखिरी बार 2012 में इंग्लैंड ने टीम इंडिया को भारतीय सरजमीं पर टेस्ट सीरीज में हराया था। इंग्लैंड ने 4 मैचों की टेस्ट सीरीज को 2-1 से अपने नाम किया था। सीरीज का एक मैच ड्रॉ भी रहा था। भारत 18 सीरीज के बाद घरेलू मैदानों पर कोई टेस्ट सीरीज हारा है। इससे पहले 12 साल से लगातार 18 सीरीज जीता था। भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच पहला टेस्ट मैच नवंबर 1955 में खेला गया था। तब से लेकर अब तक न्यूज़ीलैंड की टीम भारत में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती थी।

## सार संक्षेप

### संजीव तेवतिया ने जीते दो कांस्य पदक




**मुंबई**: आठवीं आर्म रेसलिंग कलस्टर चैंपियनशिप और सातवीं पैरा एशियन चैंपियनशिप तो आठ अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक ओरिका होटल मुंबई में आयोजित की गई जिसमें 14 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें भारत की तरफ से यूपी पुलिस के मेरठ निवासी संजीव तेवतिया ने भाग लेकर दो कांस्य पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है और इस तरह आगे भी वो देश का नाम रोशन करते रहे।

### आईपीएल खेल सकते है धौनी

**मुंबई** : टीम इंडिया के पूर्व कप्तान एमएस धोनी (43) ने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खेलने के संकेत दिए हैं। धोनी ने कहा कि वे कुछ साल और इस खेल को एंजॉय करना चाहते हैं। हालांकि अभी तक धौनी ने अपनी अवेलिबिलिटी के बारे में कोई कन्फर्मेशन नहीं दिया है। धौनी को चेन्नई मैनेजमेंट की 29-30 अक्टूबर को होने वाली मीटिंग में शामिल होना है, लेकिन उनके शामिल होने को लेकर आधिकारिक बयान नहीं आया है। आईपीएल के लिए रिटेंशन लिस्ट देने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर है। चेन्नई मैनेजमेंट की मीटिंग में ही धौनी पर फैसला होना है। एमएस धौनी आईपीएल के पहले सीजन से ही चेन्नई से खेल रहे हैं। उन्होंने अब कप्तानी छोड़ दी है। पिछले सीजन में ऋतुराज गायकवाड़ ने चेन्नई की कप्तानी की थी, लेकिन टीम प्ले ऑफ में जगह नहीं बना पाई थी। धोनी की कप्तानी में चेन्नई 5 खिताब जीत चुकी है। धोनी बोले- प्रोफेशनल क्रिकेट मुश्किल धोनी ने शुक्रवार को एक प्रमोशनल इवेंट में कहा- 'बचपन में हम शाम 4 बजे खेलने के लिए बाहर जाते थे और खेल का आनंद लेते थे, लेकिन जब आप प्रोफेशनल स्पोर्ट खेल रहे होते हैं, तो क्रिकेट को एक खेल के तौर पर एंजॉय करना कठिन हो जाता है। मैं यही करना चाहता हूं।



# 162 अंकों के साथ हरियाणा के पहलवान टॉप पर

### 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में महाराष्ट्र और दिल्ली के बाद यूपी ने हासिल किया चौथा स्थान

**जनवाणी संवाददाता, मेरठ** : चौधरी चरण सिहं विश्वविद्यालय में चल रही 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी कुश्ती प्रतियोगिता के चौथे दिन के अंत में हरियाणा के पहलवान 162 अंकों के साथ टॉप पर रहे। दूसरे पायदान पर महाराष्ट्रा और तीसरे नंबर पर दिल्ली की टीम रही। यूपी ने इसमें चौथा स्थान हासिल किया। विजेता पहलवानों को प्रथम चरण में पुरस्कार वितरण समारोह में संयुक्त शिक्षा निदेशक ओंकार शुक्ल, उप शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा ज्योति प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पारुल वर्मा, कृष्ण कुमार, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. मेघराज सिंह आदि मौजूद रहे। पुरस्कार वितरण के द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि दिनेश खटीक ने खिलाड़ियों के संवर्द्धन के लिये निरंतर प्रयास कर रही है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हापुड़ रितु तोमर ने देश की बेटियों से खेल में निरंतर प्रगति करने को कहा। बालिका वर्ग 65 किलो भार में तकनीकी आधार पर हिमाचल प्रदेश की प्रेरणा मेहता ने 10-0 से स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा मध्य प्रदेश की प्रीति कुमारी ने रजत पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार निराली बघेल ने वाय फाल 2-0 से कांस्य पदक प्राप्त किया तथा कर्नाटक की प्रतीक्षा ने तकनीकी आधार पर 10 अंकों से बढ़त बनाकर कांस्य पदक प्राप्त किया। बालिका वर्ग 68 किलो भार में हरियाणा की कीर्ति पुत्री सुखीराम ने तकनीक की आधार पर 11-0 से स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा उत्तर प्रदेश की साक्षी ने रजत पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार राजस्थान की अंजलि ने 5 अंकों के आधार पर कांस्य पदक तथा दिल्ली की संजना ने तकनीकी आधार पर 10-0 से कांस्य पदक प्राप्त किया। बालिका वर्ग 72 किलो भार में हरियाणा की कीर्ति पुत्री धर्मवीर सिंह ने अंकों के आधार पर 6 -0 से स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा उत्तर प्रदेश की रौनक नगर ने रजत पदक प्राप्त किया। सीबीएसई की खुशी सिंधु ने 12-0 बाय फाल कांस्य पदक प्राप्त किया। कर्नाटक की मनीषा सिद्धि ने तकनीकी आधार पर 10 -0 से कांस्य पदक प्राप्त किया। बालिका वर्ग 76 किलोग्राम भार में मेरठ उत्तर प्रदेश की रहने वाली इतिशा ने बाय-फाल 2-0 से स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा राजस्थान की चंद्रिका गुरर्ज ने रजत पदक प्राप्त किया। पंजाब की नवनीत कौर ने बाय फाल 4-0 से कांस्य पदक तथा दिल्ली की महक चौधरी ने बाय फाल 2-0 से कांस्य पदक प्राप्त किया। बालक वर्ग में 86 किलोग्राम भार में हरियाणा के अरुण ने तकनीकी आधार पर 12-1 से स्वर्ण पदक प्राप्त किया। दिल्ली के प्रियांशु कुमार ने सिल्वर पदक प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश के अक्षय कुमार ने तकनीकी आधार पर 10-0 से कांस्य पदक प्राप्त किया तथा महाराष्ट्र के प्रथमेश माने ने बाय फाल के आधार पर 25-14 से कांस्य पदक प्राप्त किया। बालक वर्ग 92 किलो भार में दिल्ली के विकास दलाल ने अंकों के आधार पर 2-1 से स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पंजाब के पारगट गोरसी ने रजत पदक प्राप्त किया तथा उत्तर प्रदेश के अरविंद ने अंकों के आधार पर 9-0 से कांस्य पदक एवं हरियाणा के वरदान सुधीर ने 8-0 से कांस्य पदक प्राप्त किया। बालक वर्ग 97 किलो भार में दिल्ली के अभिषेक मान ने तकनीकी आधार पर 10-0 से स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा राजस्थान के सुमंत्र राजेंद्र गुर्जर ने रजत पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार महाराष्ट्र के ओमकार शिंदे ने तकनीकी आधार पर 10-0 से कांस्य पदक तथा पंजाब के मनबज सिंह ने अंकों के आधार पर 4-0 से कांस्य पदक प्राप्त किया।



# नोमान, साजिद की फिरकी पर नाचे अंग्रेज

## पाक ने तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को नौ विकेट से हराकर 2-1 से सीरीज अपने नाम की

● रावलपिंडी,

**नोमान** अली और साजिद खान की स्पिन जोड़ी की बदौलत पाकिस्तान ने तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में शनिवार को इंग्लैंड को नौ विकेट से हराकर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

पाकिस्तान की इस स्पिन जोड़ी ने मुल्तान में भी शानदार प्रदर्शन किया था जिसे रावलपिंडी में भी जारी रखा गया। फरवरी 2021 के बाद पाकिस्तान की यह पहली घरेलू श्रृंखला जीत है। नवंबर 2015 के बाद इंग्लैंड पहली बार पाकिस्तान से टेस्ट श्रृखंला हारा है। पहले टेस्ट में पारी और 47 रन की बड़ी हार के बाद मेजबान टीम को लगातार दूसरी बार जीत हासिल हुई है, जिससे पाकिस्तान आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 तालिका में एक स्थान ऊपर उठ कर सातवें स्थान पर पहुंच गया है जबकि इंग्लैंड के ठीक नीचे छठे नंबर पर है। साजिद खान ने 128 रन देकर छह विकेट चटकाए जबकि नोमान अली ने तीन विकेट 88 रन देकर झटके। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड पहली पारी में केवल 267 रन ही बना सका। निचले क्रम में जेमी स्मिथ (89) और गस एटकिंसन (39) की अर्धशतकीय साझेदारी के अलावा मेहमान टीम के किसी और खिलाड़ी में रन की भूख दिखाई नहीं दी। जवाब में, पाकिस्तान के सऊद शकील (134) के शानदार शतक से मेजबान टीम को पहली पारी में 77 रनों की आसान बढ़त मिल गई। इसके बाद नोमान और साजिद ने मिलकर इंग्लैंड की दूसरी पारी को पटरी से उतार दिया। कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं सका जिसके चलते दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड तीन विकेट खो चुका था। अगली सुबह वह केवल 88 रन और जोड़ सके और इंग्लैंड 112 रन पर आउट हो गया, जो टेस्ट में पाकिस्तान के खिलाफ उसका दूसरा सबसे कम स्कोर है, मेजबान स्पिनरों ने एक बार फिर पिछले मैच की तरह सभी 20 विकेट लिए। पिछले दो टेस्ट मैचों में इन दोनों ने 40 में से 39 विकेट लिए हैं। यह भी पहली बार था जब पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने किसी टेस्ट में एक भी गेंद नहीं फेंकी।




### आयुष पांडे के शतक से छत्तीसगढ़ की ठोस शुरुआत

**चेन्नई,** : सलामी बल्लेबाज आयुष पांडे के शानदार शतक की बदौलत छत्तीसगढ़ ने रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले के पहले दिन शनिवार को तमिलनाडु के खिलाफ ठोस शुरुआत की। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन अपनी पहली पारी में दो विकेट खोकर 293 रन बनाये। पांडे ने 184 गेंदे खेलकर 19 चौको की मदद से 124 रन बनाये। बाएं हाथ के बल्लेबाज पांडे ने साथी बाएं हाथ के ऋषभ तिवारी (46) के साथ पहले विकेट के लिए 39 ओवर में 124 रन जोड़कर मेहमान टीम को मजबूत शुरुआत दी।

उनके अलावा अनुज (68) और संजीत देसाई (52) ने तीसरे विकेट के लिये नाबाद 95 रनों की पारी खेलकर पारी को मजबूत किया। इससे पहले अनुज ने लय बरकरार रखने के लिए आयुष पांडे के साथ दूसरे विकेट के लिए 20.1 ओवर में 74 रन जोड़े।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)